दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। शुक्रवार 10 अप्रैल -2026 | वर्ष : 11 अंक : 107 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## विधानसभा चुनाव: शाम 6 बजे तक असम में 85.04% केरल में 77.38%, पुडुचेरी में 89.08% वोटिंग हुई

**नई दिल्ली।** देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में आज विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई। अब वही वोटर्स मतदान कर सकेंगे, जो शाम 6 बजे तक बूथ में आ गए थे। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 6 बजे तक असम में 85.04%, केरलम में



77.38% और पुडुचेरी में 89.08% वोटिंग हुई। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे।

केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। उन्होंने मीडिया से कहा- केरलम के लोग भाजपा को पसंद नहीं करते। राज्य में 10 साल के कुशासन की सरकार है। इसलिए इस बार सरकार बदलेगी। वहीं, असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला।

असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। पुडुचेरी में 20 पार्टियां के 294 कैंडिडेट अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दोनों राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में करीब 10 लाख से ज्यादा वोटर्स ने पहली बार मतदान किया। केरलम में 70 साल में पहली बार कोई सीएम हैट्रिक के लिए चुनाव लड़ रहा है। असम में बीजेपी हिमंता बिस्व सरमा के सहारे लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दांव खेल रही है। पुडुचेरी में कांग्रेस से निकले एन. रंगास्वामी पांचवी बार सत्ता में काबिज होने की कोशिश कर रहे हैं।

## सीजफायर का गेमओवर! अमेरिका-ईरान युद्ध विराम के बावजूद होर्मुज के रास्ते में नहीं लौटी रफ्तार

**नई दिल्ली।** इजराइल ने बुधवार को लेबनान में कई जगहों पर एयरस्ट्राइक की। इन हमलों में 254 लोग मारे गए और 1,165 लोग घायल हो गए। लेबनान की नागरिक सुरक्षा टीम के अनुसार, मारे गए लोग लेबनान के बेरुत, बालबेक, हर्मेल, नबातीह, अले डिस्ट्रिक्ट, सिडोन और टायर के थे।

न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, इजराइली हमले के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा बंद कर दिया है। इससे पहले उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने चेतावनी दी थी कि अगर सीजफायर में लेबनान को शामिल नहीं किया गया, तो यह समझौता टूट जाएगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कहना है कि ईरान के साथ सीजफायर प्लान में हिजबुल्लाह शामिल नहीं है। इससे पहले ईरान ने अमेरिका को 10 पॉइंट का सीजफायर प्लान भेजा था,




उसमें हिजबुल्लाह पर हमले रोकने की मांग की गई थी। तब इजराइल ने कहा था कि वो हिजबुल्लाह पर हमले नहीं रोकेगा। अमेरिका और ईरान के बीच करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। ट्रम्प ने बताया कि यह फैसला पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ठअळड की आलोचना करते हुए कहा है कि यह गठबंधन जरूरत के समय अमेरिका के साथ नहीं खड़ा होता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ठअळड न पहले साथ था और न भविष्य में होगा। उन्होंने ग्रीनलैंड को लेकर भी टिप्पणी की और उसे बर्फ का टुकड़ा बताया।

ट्रम्प पहले भी डेनमार्क के नियंत्रण वाले ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की इच्छा जता चुके हैं, जिसपर यूरोपीय देशों ने चिंता जाहिर की थी।

लेबनान में इजराइल के हमले लेकर ईरान ने सख्त रुख अपनाया है। ईरानी समाचार एजेंसी के मुताबिक, सैन्य सूत्रों ने दावा किया है कि इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि इस अपराध और सीजफायर उल्लंघन के लिए इजराइल को सजा दी जाएगी।

अधिकारी ने आरोप लगाया कि इजराइल ने सीजफायर की शर्तों का उल्लंघन किया है और क्षेत्र में तनाव बढ़ाया है।

## पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में आउटगोइंग ज्यादा और इनकमिंग बेहद कम
## एक आईपीएस और दो पीपीएस का हुआ तबादला










**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों अजीब स्थिति बनी हुई है, अफसरों की लगातार विदाई हो रही हैं, लेकिन उनकी जगह भरने के लिए नई तैनाती न के बराबर हो रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि सिस्टम में आउटगोइंग ज्यादा और इनकमिंग बेहद कम नजर आ रही है। ट्रांस हिंडन जोन के डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल के गोरखपुर ट्रांसफर के बाद से उनकी कुर्सी अब तक खाली पड़ी है। इसी बीच गुरुवार को जारी तबादला सूची में 2022 बैच के आईपीएस अधिकारियों को अन्य कमिश्नरेट में भेजा गया, लेकिन गाजियाबाद को फिर भी कोई नया आईपीएस नहीं मिला। लिपि नगायच को वाराणसी गई हैं। तो वहीं प्रमोशन के साथ हुए तबादलों में एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी को एडीसीपी क्राइम, मथुरा भेजा गया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय को एडिशनल एसपी, फतेहपुर की जिम्मेदारी दी गई। इन तबादलों के बाद कमिश्नरेट में एसीपी स्तर के अधिकारियों की कमी और ज्यादा गहराने लगी है। इन सबके बीच राहत के नाम पर केवल एक ही तैनाती हुई है जिसमें राजेश कुमार पांडे द्वितीय को कानपुर देहात से अपर पुलिस उपायुक्त बनाकर गाजियाबाद भेजा गया है।

### कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों की कब कमी होगी दूर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अफसरों की कमी का असर अब सर्किल और जोन स्तर पर दिखने लगा है। कई जगहों पर जिम्मेदारियां अतिरिक्त प्रभार में चल रही हैं, जिससे कामकाज की गति प्रभावित होने की आशंका है। तो वहीं सबकी नजर अब शासन के अगले फैसले पर टिकी है। यदि जल्द ही नए अधिकारियों की तैनाती नहीं हुई, तो गाजियाबाद कमिश्नरेट में प्रशासनिक संतुलन बिगड़ सकता है। कुल मिलाकर, गाजियाबाद में इस समय अफसर जा रहे हैं, पर आ नहीं रहे, और यही सिस्टम के लिए सबसे बड़ी चिंता बनती जा रही है।

## अगस्त-सितम्बर के महीने में हो जायेंगे जिला पंचायत चुनाव
## संवैधानिक बाध्यता है और तैयारी शुरू कर दें अभी से दावेदार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंचायत चुनावों को लेकर लगातार ये चर्चा चल रही है कि अभी चुनाव नहीं होने जा रहे हैं। इस चर्चा के फैलने के बाद पंचायत वाला पर्चा भरने की तैयारी में जुटे दावेदारों में अचानक से खर्चा रोक दिया। शादी ब्याहों से लेकर शोक सभाओं में जाने की स्पीड आधी रह गई। जो समर्थक कारों में बैठकर इधर उधर घूम रहे थे अब वो अपने काम धंधे देख रहे हैं।

दावेदारों ने भी चुनावी धन की पोटली चुनाव टलने की स्थिति में टोटली बंद कर दी है। चुनाव अभी होगा, कब होगा, इसको लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक वीडियो में कहा कि अभी पंचायत चुनाव नही हो रहे हैं तो प्रधान पद के दावेदार खर्चा ना करें। लेकिन सूत्र




बताते हैं कि पंचायत चुनाव होंगे और इसी वर्ष होंगे। सूत्रों की मानें तो इसके पीछे सरकार नहीं बल्कि संवैधानिक बाध्यता है। वो आंकड़ों से इस बात को बता रहे हैं। अगर चुनावी कलेंडर पर निगाह डालें तो पता चलता है कि चुनाव तो होगा ही। इसकी वजह भी यह बताई जा रही है कि 2021 में 16 अप्रैल को चुनाव हुआ था। गाजियाबाद में प्रथम चरण का चुनाव था और फिर एक मई को मतगणना हुई। मतगणना होने के बाद 21 मई को प्रथम बैठक हुई थी। प्रथम बैठक से ही कार्यकाल की शुरूआत मानी जाती है। इस गणित के हिसाब से पंचायत का कार्यकाल मई महीने में पूरा हो जायेगा और संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार अधिक से अधिक छह महीने तक चुनाव को टाला जा सकता है। ऐसे में चुनाव होगा और इसके लिए 243-ट धारा का उल्लेख हो रहा है। पंचायत चुनाव को लेकर इस धारा में कहा गया है कि किसी भी अवस्था में कार्यकाल 6 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में नवंबर के महीने में चुनाव कराना ही पड़ेगा ये सैवंधानिक बाध्यता है। इस बात की प्रबल संभावना है कि अगस्त और सितम्बर तक चुनाव हो जायेगा। वैसे भी 15 अप्रैल को पंचायत वाली मतदाता सूची फाईनल हो रही है।

### जब कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में हो गया था चुनाव तो अब क्यों नहीं

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि पंचायत चुनाव समय से होंगे। ये संवैधानिक बाध्यता है। पंचायत एक्ट में इसका उल्लेख है। वहीं ये बताया जा रहा है कि पूर्व में भी कई बार ऐसी स्थिति हुई है तो कोर्ट के आदेश पर चुनाव हुए हैं। वहीं अब कोरोना काल का भी जिक्र हो रहा है। बताया जा रहा है कि जब कोरोना काल जैसी विषय परिस्थितियों में पंचायत चुनाव हो गया तो अब ये चुनाव कैसे टाला जा सकता है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि कोर्ट के आदेश पर चुनाव होगा। सरकार चुनाव कराये तो बेहतर और चुनाव तो होगा ही होगा।

## सड़क हादसे में लापरवाही पर दो सब-इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड
## देहात जोन में महज चार दिनों के भीतर आठ पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

**कार्रवाई**

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जवाबदेही और अनुशासन को लेकर दिया जा रहा है कड़ा संदेश**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों जवाबदेही और अनुशासन को लेकर कड़ा संदेश दिया जा रहा है। सड़क दुर्घटना के एक मामले में गंभीर लापरवाही सामने आने पर थाना निवाड़ी में तैनात दो सब-इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

इस कार्रवाई के साथ ही देहात जोन में महज चार दिनों के भीतर आठ पुलिसकर्मी कार्रवाई की जद में आ चुके हैं। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में सब-इंस्पेक्टर लोकेंद्र और शाहिद खान, हेड कांस्टेबल सचिन मोहन व कांस्टेबल नरेंद्र शामिल




हैं। एसीपी मोदी नगर भास्कर वर्मा की जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हुआ था, जिसे पुलिस उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची थी। लेकिन अस्पताल से वह व्यक्ति पुलिस निगरानी से निकलकर भाग गया और मुख्य सड़क पर पहुंचकर दोबारा हादसे का शिकार हो गया। इस पूरे घटनाक्रम को ड्यूटी में गंभीर लापरवाही मानते हुए पुलिस कमिश्नर ने जांच के आदेश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी डीसीपी ग्रामीण को सौंपी गई, जिन्होंने मामले में चारों पुलिसकर्मियों को दोषी पाया। इसके बाद तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई।

### लगातार हो रहा है एक्शन

करंट क्राइम : गौरतलब है कि इससे पहले भी देहात जोन के चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया जा चुका है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से साफ संकेत है कि कमिश्नरेट में अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों की मानें तो हालिया उच्चस्तरीय बैठकों में वरिष्ठ अधिकारियों ने सख्त और आक्रामक रुख अपनाया है। यही वजह है कि पुलिसिंग में ढिलाई बरतने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। आने वाले दिनों में और भी बड़े फैसले और कड़े एक्शन देखने को मिल सकते हैं, जिससे पूरे महकमे में सतर्कता बढ़ गई है।

## ट्रैफिक जाम को तमाम करने को गाजियाबाद पुलिस का मार्शल प्लान
## डीजीपी के निर्देश पर कमिश्नरेट पुलिस एक्शन मोड में, 15 दिन में दिखेगा असर

**मार्शल प्लान**

**खुद सीपी जे रविंद्र गौड और एडिशनल सीपी रखेंगे नजर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क हादसों पर नियंत्रण के बाद अब ट्रैफिक जाम की पुरानी समस्या से निपटने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा और व्यवस्थित मार्शल प्लान तैयार




किया है। उत्तर प्रदेश के डीजीपी के सख्त निदेर्शों के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है और आने वाले दिनों में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जाम की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए आधुनिक संसाधनों और मैदानी तैनाती–दोनों स्तरों पर काम किया जाएगा। इसके तहत जल्द ही कमिश्नरेट को दो चार-पहिया इंटरसेप्टर और चार दो-पहिया इंटरसेप्टर वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। ये वाहन न केवल ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे, बल्कि किसी भी आपात स्थिति, दुर्घटना या जाम की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू करेंगे।

### रूट मार्शल होंगे प्लान की रीढ़

करंट क्राइम : इस योजना की सबसे अहम कड़ी रूट मार्शल होंगे। शहर के अत्यधिक व्यस्त और जाम प्रभावित आठ प्रमुख मार्गों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जो पूरे समय ट्रैफिक की निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही निर्णय लेकर जाम खुलवाएंगे। चिन्हित रूटों में यूपी गेट राहुल विहार, राहुल विहार–डासना, लालकुआं–मेरठ तिराहा, हिंडन पुल–सीमापुरी, जीटी रोड, यूपी गेट–मोहन नगर बस स्टैंड, नागद्वार –टीलामोड़ (वाया वजीरपुरा तिराहा), रोटरी गोलचक्कर–आईटीओ पुल और मेरठ रोड से एएलटी–मननधाम मार्ग शामिल हैं। इन सभी मार्गों पर लेफ्ट फ्री सिस्टम लागू करने की योजना है, जिससे बिना सिग्नल के भी वाहन आसानी से निकल सकें और ट्रैफिक का दबाव कम हो।

### मल्टी-डिपार्टमेंट समन्वय से होगी कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस ने स्पष्ट किया है कि केवल चालान या तैनाती से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। इसके लिए कई विभागों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। यातायात पुलिस, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, खराब सड़कों की मरम्मत, डिवाइडर और सिग्नल सिस्टम को दुरुस्त करने जैसे कार्य तेजी से किए जाएंगे।

### 15 दिन की डेडलाइन, लापरवाही पर कार्रवाई तय

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने इस योजना को लेकर सख्त रुख अपनाया है। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक सहित सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिनों के भीतर जमीनी स्तर पर सुधार दिखाई देना चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई





तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर, गाजियाबाद में ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर यह अब तक की सबसे व्यापक और सख्त पहल मानी जा रही है। यदि योजना सही तरीके से लागू होती है, तो शहरवासियों को रोजाना लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिल सकती है।

### जाम कम होगा तो प्रदूषण भी घटेगा

करंट क्राइम : इस योजना का एक बड़ा उद्देश्य वायु प्रदूषण को कम करना भी है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि जाम में फंसे वाहनों से सबसे ज्यादा ईंधन की बबार्दी और धुआं निकलता है। यदि ट्रैफिक सुचारू रहेगा तो न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि गाजियाबाद और पूरे दिल्ली–एनसीआर की हवा की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव आज गाजियाबाद के दौरे पर

### महिला सुरक्षा, उत्पीड़न और लंबित शिकायतों की करेंगी समीक्षा

**समीक्षा बैठक**

**'महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी'**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर) अपर्णा यादव आज गाजियाबाद भ्रमण पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला सुरक्षा, उत्पीड़न और लंबित शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अपने कार्यकाल के दौरान अपर्णा यादव ने कई मामलों में सीधे हस्तक्षेप कर कार्रवाई सुनिश्चित कराई है। हाल के महीनों में उन्होंने महिला उत्पीड़न के मामलों पर संज्ञान लेते हुए जिलों में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कीं और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। एक मामले में पीड़िता की शिकायत पर उन्होंने संबंधित जिले के पुलिस अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई।

इसके अलावा, महिला आश्रय गृहों और वन स्टॉप सेंटरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गाजियाबाद दौरे के दौरान भी अपर्णा यादव द्वारा स्थानीय शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए जाने की संभावना है, जिससे पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके।

### सुबह आगमन से लेकर जनसुनवाई तक रहेगा व्यस्त कार्यक्रम



करंट क्राइम। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार अपर्णा यादव का प्रात: लगभग 10 :00 बजे गाजियाबाद आगमन प्रस्तावित है। इसके बाद 10 :30 बजे संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी, जिसमें महिला उत्पीड़न एवं लंबित मामलों पर चर्चा की जाएगी। दोपहर 12 :00 बजे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी। इसके उपरांत 1 :30 बजे महिला सहायता केंद्र/वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण की संभावना है। कार्यक्रम के अंत में करीब 3 :00 बजे अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे, जिसके बाद उनका प्रस्थान प्रस्तावित है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | शुक्रवार • 10 अप्रैल -2026





# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पीएम की छह गारंटी और बीजेपी का नया नारा

# 'सबका साथ, सबका विकास और होगा लुटेरों का हिसाब'

**चुनाव प्रचार**

**प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव विकसित बंगाल की मजबूत नींव रखने का चुनाव है**




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्य में तीन बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं, बल्कि बंगाल के गौरव को फिर से स्थापित करने का चुनाव है। पीएम ने कहा कि बंगाल की जनता इस बार के चुनाव में ममता सरकार को हटाने वाली है। पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास नारे को दोहराते हुए कहा कि सबका हिसाब लिया जाएगा।

**यह चुनाव विकसित बंगाल की नींव रखेगा :** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव विकसित बंगाल की मजबूत नींव रखने का चुनाव है और इसका पहला तथा सबसे अहम कदम इस निर्दयी सरकार को सत्ता से बाहर करना होगा। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर राज्य के विकास में बाधा डालने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने देश की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि जहां देश के कई राज्य विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, वहीं टीएमसी की सरकार बंगाल को पीछे धकेल रही है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में मतदाताओं से बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य को विकास के रास्ते पर लाने के लिए निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही प्रधानमंत्री ने भाजपा सरकार की छह गारंटियों को बताया।

पहली गारंटी- भय की जगह भरोसा कायम करेंगे। दूसरी गारंटी- भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजेंगे। तीसरी गारंटी- भ्रष्टाचार और अपराध की फाइलें खुलेंगी। चौथी गारंटी- कानून सबका हिसाब करेगा। पांचवीं गारंटी- घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। छठी गारंटी- सरकारी कर्मचारियों को 7वां वेतन आयोग का लाभ।

पीएम मोदी ने कई मुद्दों को लेकर ममता सरकार को घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में मत्स्य पालन और सी-फूड के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके बावजूद राज्य आज भी मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारी मांग के बावजूद बंगाल को अपनी जरूरतों के लिए दूसरे राज्यों से मछली आयात करनी पड़ रही है।

## आसनसोल में गरजे पीएम, कहा- भर गया टीएमसी के पापों का घड़ा

**रैली**

**पीएम मोदी ने टीएमसी पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया**



**आसनसोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के आसनसोल में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत देवी कल्यानेश्वरी और घाघर बुरी चंडी का आह्वान करके की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में अब सत्ता परिवर्तन निश्चित है, जिसे आसनसोल और पूरे बंगाल की जनता चाहती है। उन्होंने टीएमसी पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने दावा किया कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और बंगाल के बाद बंगाल नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने बताया कि कभी समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र रहे आसनसोल से निवेश पलायन कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार ही इस स्थिति को सुधार सकती है। उन्होंने उल्लेख किया कि बंगाल का राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 12 फीसदी से घटकर केवल पांच फीसदी रह गया है।

## असम में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक या बदलेगा सत्ता समीकरण?

### तय होगी 722 उम्मीदवारों की किस्मत




**असम चुनाव**

**गौरव गोगोई की अगुवाई में कांग्रेस ने सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंकी**

**असम।** असम में 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए बुधवार को मतदान है, जहां सत्ता की लड़ाई अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। एक ओर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में है, तो दूसरी ओर गौरव गोगोई की अगुवाई में कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक चुकी है। राज्य की ज्यादातर सीटों पर सीधा मुकाबला एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच है, ऐसे में आज का मतदान यह तय करेगा कि असम में भाजपा का दबदबा बरकरार रहेगा या फिर सियासी समीकरण बदलेंगे। मतदान को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**मतदान को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं**

**महिलाओं को टिकट देने में कांग्रेस आगे :** विधानसभा चुनाव में सिर्फ 59 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 14 महिला उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भाजपा ने 7 महिलाओं को टिकट दिया है। यह आंकड़ा राज्य की राजनीति में महिला भागीदारी की सीमित उपस्थिति को भी दशार्ता है।

**ये दिग्गज चुनाव मैदान में ठोक रहे ताल :** कुल 722 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई, नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया, एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल, राइजर दल के नेता अखिल गोगोई और एजेपी अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई जैसे बड़े चेहरे शामिल हैं। राज्य के 35 जिलों में कुल 31,490 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस चुनाव में 2.50 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें करीब 1.25 करोड़ महिलाएं और 318 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

**किस पार्टी ने कितने उम्मीदवार उतारे :** उम्मीदवारों के लिहाज से कांग्रेस सबसे आगे है, जिसने 99 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। भाजपा ने 90 उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

एआईयूडीएफ 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एनडीए के सहयोगी दल एजीपी 26 और बीपीएफ 11 सीटों पर किस्मत आजमा रहे हैं।

इसके अलावा विपक्षी दलों में राइजर दल 13, असम जातीय परिषद 10, सीपीएम 3, एपीएचएलसी 2, आम आदमी पार्टी 18, यूपीपीएल 18, तृणमूल

## पूरा प्रदेश बेमौसम बारिश की चपेट में, गेहूं के खेतों में भरा पानी; सीएम बोले किसानों की होगी क्षतिपूर्ति




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों में असमय बारिश, ओलावृष्टि और कुछ जगहों पर आग लगने से रबी फसलों को हुए नुकसान पर चिंता जताई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों और बटाईदारों को तुरंत राहत और क्षतिपूर्ति दी जाए, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि खराब मौसम के कारण किसानों का चिंतित होना स्वाभाविक है और राज्य सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर प्रभावित किसान के नुकसान का सही और निष्पक्ष आकलन समय पर किया जाए और रिपोर्ट जल्द शासन को भेजी जाए, जिससे मुआवजा देने में देरी न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग मिलकर तेजी से सर्वे करें। साथ ही बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर फसल बीमा के दावों का जल्द निस्तारण कराया जाए। अधिकारियों को किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें बीमा योजनाओं का लाभ दिलाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि राज्य आपदा राहत कोष से जिलों को तुरंत पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को पारदर्शी और त्वरित तरीके से सहायता मिले। जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर भी लगाए जाएं और मंडी समितियों के माध्यम से किसानों को हर संभव सहयोग दिया जाए।

## बीजेडी में बड़ा बदलाव, सस्मित पात्रा का इस्तीफा अध्यक्ष ने मंजूर किया

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने गुरुवार को सस्मित पात्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। सस्मित पात्रा राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने बुधवार को अपना इस्तीफा सौंपा था, लेकिन पद छोड़ने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं किया है।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता के कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की है। सस्मित पात्रा राज्यसभा के दो बार के सांसद हैं और साल 2022 से सदन में पार्टी का नेतृत्व संभाल रहे थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बीजेडी के कुछ सांसद राज्यसभा में नेतृत्व में बदलाव की मांग कर रहे थे।

यह घटनाक्रम बीजेडी के नए राज्यसभा सदस्य संतृप्त मिश्रा के शपथ लेने के ठीक दो दिन बाद सामने आया है।

## शुभेंदु अधिकारी ने कहा- भाजपा हल्दिया की सभी सीटें जीतेगी

**आत्मविश्वास**

**भाजपा ने हल्दिया जिले में अपनी ताकत और लोकप्रियता को लेकर स्पष्ट संदेश दिया**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में जोश और आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। हल्दिया में आयोजित जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आश्वस्त करते हुए दावा किया कि इस साल भाजपा हल्दिया के सभी 16 विधानसभा सीटें जीतकर जीत का परचम लहराएगी।

जनसभा में शुभेंदु अधिकारी ने कहा 'मैं पीएम मोदी को यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि इस जिले में भाजपा पहले से ही 16 में 15 सीटों पर जीत रही थी। इस साल कमल का फूल सभी 16 सीटों पर खिलेगा।' इस दावे के साथ भाजपा ने हल्दिया जिले में अपनी ताकत और लोकप्रियता को लेकर स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी इस विधानसभा चुनाव में पूरी तरह तैयार है। शुभेंदु अधिकारी की रैली में कार्यकताओं और समर्थकों की बड़ी भीड़ ने उत्साह और जोश के साथ उनके समर्थन में नारे लगाए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा में टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

## ओम बिरला बोले- विकसित भारत में विधायिकाओं की अहम भूमिका

**सम्मेलन**

**ओम बिरला ने कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन इंडिया रीजन जोन-7 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया**



**नई दिल्ली ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि तटीय राज्यों ने अपनी चुनौतियों को अवसर में बदलकर विकास का नया मॉडल पेश किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए इसी दृष्टिकोण को सफलतापूर्वक लागू किया।

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन इंडिया रीजन जोन-7 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा जैसे तटीय राज्यों के सामने प्राकृतिक और भौगोलिक चुनौतियां रही हैं, लेकिन उनके नेतृत्व ने इन्हें विकास के अवसर में बदला है।

**मोदी के कार्यकाल का किया जिक्र :** उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने लंबे कार्यकाल में सूखा, लंबी तटीय सीमा और जनजातीय क्षेत्रों जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए औद्योगिकीकरण, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा दिया। नर्मदा का पानी सूखे इलाकों तक पहुंचाया गया और वैश्विक बदलावों के अनुरूप नई तकनीकों को अपनाया गया।

बिरला ने कहा कि अन्य तटीय राज्यों ने भी संकट और आपदाओं से निपटने के लिए कानून और नीतियां बनाईं, जिससे विपरीत परिस्थितियों में भी विकास सुनिश्चित हुआ।

## 'जनगणना में बौद्ध धर्म अपनाने वालों को अनुसूचित जाति में ही सूचीबद्ध किया जाए'

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने मांग की कि महाराष्ट्र में अनुसूचित जातियों से बौद्ध धर्म अपनाने वाले लोगों को जनगणना के दौरान धर्म के आधार पर बौद्ध के रूप में दर्ज किया जाए, लेकिन उनकी जाति को एससी श्रेणी के अंतर्गत ही सूचीबद्ध किया जाना जारी रहे।

आठवले ने कहा कि इससे सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नव-बौद्धों को धर्म के अंतर्गत केवल बौद्धों के रूप में दर्ज किया जाता है तो उनकी आबादी को सामान्य श्रेणी में गिना जा सकता है, जिससे राज्य में अनुसूचित जाति की आबादी के आंकड़ों में कमी आ सकती है। उन्होंने राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह मांग उठाई। उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को विशिष्ट निर्देश जारी करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। 1 अप्रैल से दिल्ली सहित आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना की शुरूआत हुई।

## मणिपुर में बम हमले के खिलाफ उग्र प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे हजारों लोग



**प्रदर्शन**

**प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की**

**मणिपुर।** मणिपुर के घाटी क्षेत्रों के पांच जिलों में कर्फ्यू को दरकिनार करते हुए हजारों लोगों ने बम हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। इस हमले में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी।

**सीएम से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि :** इंफाल पश्चिम जिले के टिड्डिम लाइन में ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन (अटवउड) के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने घटना की निंदा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि सुरक्षा बलों ने रैली को क्वाकेइथेल के पास आगे बढ़ने से रोक दिया। बाद में संगठन के प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से मिलने ले जाया गया।

**7 अप्रैल को हुआ था हमला :** 7 अप्रैल को बिष्णुपुर जिले के त्रोंगलाओबी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर पर बम फेंका था, जिसमें 5 साल के बच्चे और उसकी 6 महीने की बहन की मौत हो गई थी।

## मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण पर कोर्ट की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** बेल्जियम की एंटवर्प अपील अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण को लेकर सकारात्मक सलाह दी है। अदालत ने सात में से छह आरोपों पर प्रत्यर्पण को मंजूरी देने की सिफारिश की है।

अदालत ने 3 अप्रैल को बेल्जियम सरकार को दी अपनी सलाह में कहा कि जिन अपराधों में चोकसी भारत में वांछित हैं (जैसे आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन और आपराधिक कदाचार) वे बेल्जियम के कानून में भी दंडनीय हैं, इसलिए प्रत्यर्पण का आधार पूरा होता है। हालांकि, सबूत नष्ट करने से जुड़े आरोप को मंजूरी नहीं दी गई, क्योंकि यह अपराध बेल्जियम कानून में दंडनीय नहीं है।

अब अंतिम फैसला बेल्जियम सरकार को लेना है। अदालत ने यह भी कहा कि चोकसी के 2021 में अपहरण में भारत सरकार की सीधी भूमिका के पुख्ता सबूत नहीं हैं।

## भूस्खलन और बर्फबारी के बीच सेना का रेस्क्यूऑपरेशन जारी

**सिक्किम।** उत्तरी सिक्किम में भारी भूस्खलन और बर्फबारी के कारण फंसे पर्यटकों के लिए भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन हिम सेतु' शुरू किया है। सेना ने अब तक 135 पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया है। पूर्वी कमान की त्रिशक्ति कोर इस बचाव अभियान को चला रही है। लाचेन इलाके में अभी भी करीब 1,000 पर्यटक फंसे हुए हैं। सेना उन्हें जल्द से जल्द निकालने की कोशिश में जुटी है। लाचेन और चुंगथांग के बीच कई जगहों पर जमीन खिसकने से सड़क संपर्क टूट गया है। यह इलाका भारत-चीन सीमा के काफी करीब है। सेना ने कुछ जरूरी रास्तों को खोल दिया है और वैकल्पिक मार्ग सक्रिय कर दिए गए हैं। अब तक 32 छोटी गाड़ियां और 10 मोटरसाइकिलें प्रभावित इलाके से बाहर निकाली गई हैं। सेना की भारी गाड़ियां बर्फ में फंसी नागरिक गाड़ियों को खींचकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचा रही हैं। बीमार लोगों और जिन्हें तुरंत मदद की जरूरत है, उन्हें पहले निकाला जा रहा है।

## हिंदू महासभा की गुहार, 'बंगाल में चुनाव कर्मियों की हिफाजत हो'

**'सुप्रीम' याचिका**

**हिंदू महासभा ने कोर्ट से निष्पक्ष चुनाव के लिए केंद्र सरकार को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई**



**कोलकाता।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। संगठन ने जनहित याचिका दायर कर मांग की है कि चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों, न्यायिक अधिकारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती हो।

हिंदू महासभा ने यह याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की है। इसमें निष्पक्ष, स्वतंत्र और सुरक्षित चुनाव कराने के लिए केंद्र सरकार को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा, धमकी और उत्पीड़न की घटनाएं होती रही हैं, जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होती है।

इसमें 2013 के पंचायत चुनावों का हवाला देते हुए कहा गया है कि उस दौरान कथित तौर पर 39 लोगों की हत्या हुई थी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बड़ी संख्या में सीटें जीती थीं।

## विदेश मंत्री जयशंकर मॉरिशस और यूएई की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मॉरिशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की चार-दिवसीय यात्रा पर रवाना। यात्रा के पहले चरण में, जयशंकर 9वें हिंद महासागर सम्मेलन में शामिल होने और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने के लिए मॉरिशस जाएंगे।



विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की 9 से 10 अप्रैल तक मॉरिशस यात्रा के संबंध में बताया कि विदेश मंत्री मॉरिशस के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे।

हिंद महासागर सम्मेलन से इतर जयशंकर के अन्य भाग लेने वाले देशों के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा करने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत की पड़ोसी प्रथम नीति, महासागर विजन और वैश्विक दक्षिण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## बारामती में विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस

**ऐलान**

**यह फैसला पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद सम्मान जताने के तौर पर लिया गया है**



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा मोड़ आया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि वह इस उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। यह फैसला पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद सम्मान जताने के तौर पर लिया गया है। इस निर्णय के बाद अब बारामती सीट पर चुनाव का माहौल पूरी तरह बदल गया है।

दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नाथाला ने साफ कहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवार को मैदान से हटाने का निर्देश दे दिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश मोरे ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन अब उसे वापस लिया जाएगा। नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन था, इसलिए यह फैसला अहम माना जा रहा है।

कांग्रेस ने कहा कि यह उपचुनाव अजित पवार के दुखद निधन के कारण हो रहा है, इसलिए पार्टी ने सम्मान के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया। पार्टी का मानना है कि ऐसे समय में राजनीतिक मुकाबले से दूर रहना उचित है। यह कदम राजनीतिक मयार्दा और संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

**महिला सशक्तिकरण पर पीएम का नया संदेश**

## विकसित भारत के लिए मातृशक्ति की पूरी क्षमता को जोड़ना होगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मातृशक्ति की पूरी क्षमता को जोड़ना होगा। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए विधायिका में महिलाओं के लिए आरक्षण को समय की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि इससे देश का लोकतंत्र और अधिक सशक्त, जीवंत और सहभागी बनेगा।



प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर अपने विचार अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित एक विस्तृत लेख में भी साझा किए हैं। उन्होंने लिखा कि 21वीं सदी में भारत एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है और जल्द ही देश अपने लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने वाली एक बड़ी पहल का साक्षी बनने वाला है। उनके मुताबिक, यह समानता, समावेशन और जनभागीदारी को नए स्तर पर ले जाने का अवसर है। पीएम मोदी ने कहा कि संसद के सामने अब एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि ऐसा कदम उठाने की, जो लोकतंत्र को अधिक व्यापक और प्रतिनिधिक बनाए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण लागू होने से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें उनका उचित स्थान मिलेगा।

अपने लेख में उन्होंने देशभर में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों जैसे रोंगाली बिहू, पणा संक्रांति, पोइला बैशाख, विषु, पुथांडु और बैसाखी का जिक्र करते हुए इसे आशा और सकारात्मकता का समय बताया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 10 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# महापौर सुनीता दयाल व नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से नामित पार्षदों ने की शिष्टाचार मुलाकात

## जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान को लेकर विस्तार से की गई चर्चा

**मुलाकात**

**पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याएं रखते हुए त्वरित निस्तारण की अपेक्षा जताई**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में शपथ ग्रहण के बाद प्रशासनिक सक्रियता और समन्वय को नई दिशा देने के उद्देश्य से नामित पार्षदों ने महापौर सुनीता दयाल और नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में शहर के समग्र विकास, जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान और निगम प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याएं रखते हुए उनके त्वरित निस्तारण की अपेक्षा जताई, जिस पर महापौर और नगरायुक्त ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नामित पार्षद सुनील यादव, प्रदीप चौधरी, सरदार पम्मी, संजय रावत, सुमन जाटव एवं अंकुश अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसमस्याओं के समाधान में प्राथमिकता और समयबद्धता जरूरी : नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह



करंट क्राइम। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि स्थानीय समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा तथा सभी विभागों का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने पार्षदों को प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए समन्वय को शहर के विकास का आधार बताया।

### टीम भावना और पारदर्शिता से आगे बढ़ेगा शहर : महापौर सुनीता दयाल



करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल ने पार्षदों को निष्ठा, पारदर्शिता और टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

# जब मास्टर अमरदत्त शर्मा ने सबके सामने कहा मुझे होती है विधायक संजीव शर्मा से जलन...



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी की प्रशंसा किसी की ईर्ष्या के कारण होते है। बिना कारण ना तारीफ होती है और बिना कारण बुराई भी नहीं होती और बिना कारण किसी से कोई ईर्ष्या भी नहीं होती।

राजनीति में खासतौर से ये बात होती है और कई बार जब ऐसी बातें राजनीति का युग देख चुके लोगों के मुख से निकलती है तो ये कई बार काम्प्लीमेंट बन जाती हैं। किस्सा एक सामाजिक कार्यक्रम का है। जहां एक साथ कई दलों के नेता मौजूद थे। बातचीत का दौर चल रहा था और राजनीति से जुड़े लोग बैठे थे और वैसी ही बातें हो रही थी। वैसे भी गाजियाबाद की राजनीति की ये खूबी है कि यहां सरकार से ज्यादा व्यवहार महत्वपूर्ण होता है।

ये शहर है जो एक दूसरे के सुख और दुख में एक साथ आता है। अगर किसी के यहां सुख की बात है तो भी ओर दुख की बात है तो भी सब एक साथ आ जाते हैं। एक सामाजिक मंच बन जाता है। ऐसे ही एक मंच पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मास्टर अमरदत्त शर्मा मौजूद थे। मास्टर अमरदत्त शर्मा पार्टी के एक ऐसे नेता हैं जो पूरी तरह एक्टिव रहते हैं और उम्र के इस पडाव में भी वो समाजिक कार्यक्रमों में पहुंचते हैं। एक ऐसा चेहरा हैं जो भाजपा की वरिष्ठता का परिचायक है। अगर ऐसा चेहरा किसी विधायक को लेकर कुछ कहे तो वो शब्द ऐसे होते हैं कि सब गौर से सुनते हैं। इस कार्यक्रम में मास्टर अमरदत्ता शर्मा में विधायक संजीव शर्मा को लेकर कहा कि मुझे संजीव शर्मा को देखकर जलन होती है। अब इस बात को सुनकर समाजिक कार्यक्रम में मौजूद सभी चेहरे हैरान रह गये। लेकिन जब मास्टर अमरदत्त शर्मा ने अगला वाक्य पूरा किया तो सभी ने कहा ये बात तो है। दरअसल मास्टर अमरदत्त शर्मा ने विधायक संजीव शर्मा की सक्रियता को लेकर ये बात कही। उन्होंने कहा कि मैं ये समझता हूं कि सबसे ज्यादा एक्टिव मैं हूं। लेकिन मैं ये देखकर हैरान होता हूं कि जितने भी कार्यक्रमों मै पहुंचता हूं वहां पर मुझसे भी ज्यादा एक्टिव अंदाज में संजीव शर्मा दिखाई देते हैं। वास्तव में मैंने किसी जनप्रतिनिधि को सामाजिक कार्यक्रमों में इतना एक्टिव नहीं देखा है। संजीव शर्मा एक ऐसे विधायक हैं जो सामाजिक कार्यक्रमों में पूरी तरह से एक्टिव रहते हैं शामिल होते है और मुझे इनकी ये सक्रियता देखकर कभी कभी जलन होती है। वास्तव में एक विधायक के रूप में ये बहुत एक्टिव रहते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता के मुख से निकली ये तारीफ शहर विधायक संजीव शर्मा के लिए कॉम्प्लीमेंट ही कही जायेगी।

### जब पार्षद मुलायम भी नहीं रहे पीछे और पढ़े शान में कसीदे

करंट क्राइम। एक जनप्रतिनिधि के रूप में संजीव शर्मा की टीआरपी का ये बढ़िया स्कोर कार्ड ही कहा जायेगा। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। उनकी पार्टी के सांसद उन्हें अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बता चुके हैं। और अब टीआरपी का ये मैजिक भाजपा से निकल कर कांग्रेस तक जा पहुंचा है। कांग्रेस के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम ने भी भाजपा विधायक संजीव शर्मा की जमकर तारीफ की। जब संजीव शर्मा बाहर आये तो उनके साथ साथ कांग्रेस के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम भी आये। जब कांग्रेस पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम ने भी संजीव शर्मा की तारीफ की। उन्होंने संजीव शर्मा की कार्यशैली की तारीफ स्वर्गीय पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल से की। कांग्रेस पार्षद ने कहा कि जिस लोकप्रियता के शिखर पर स्वर्गीय सुरेन्द्र गोयल रहे आप भी उसी अंदाज की राजनीति करते हो। उनका अंदाज आपके अंदाज एक से हैं। एक वो भी थे जिनकी लोकप्रियता ऐसी थी कि बच्चे बच्चे की जुबान पर उनका नाम था। आप भी ऐसे विधायक हैं जिनकी प्रशंसा जनता के लोग करते हैं। वास्तव में आपने अपने व्यवहार से सबको अपना कायल किया है। संजीव शर्मा के लिए ये शब्द भी किसी काम्प्लीमेंट से कम नहीं है।

# नामित पार्षद बनने को कौन नेता मान रहे हैं अपना डिमोशन



'गाजियाबाद: नामित पार्षद' पर अलग-अलग इमोशन!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो राजनीति में कुछ भी मिले तो उसे कार्यकर्ता अपना सम्मान बताते हैं। बदली हुई भाजपा में बूथ अध्यक्ष भी कोई बन जाये तो घर के आगे ढोल बजाते हैं।

मंडल अध्यक्ष के लिए कैबिनेट से फोन आते हैं। सरकार की कृपा हुई और दस चेहरे नामित पार्षद बन गये। कोई नाक तक फूलों की माला पहनकर ढोल की थाप पर नाचता निगम मुख्यालय पहुंचा। 200 लोगों से ज्यादा की भीड साथ लेकर आया। किसी ने प्रभु के सामने माथा टेका और कोई कई दरवाजों पर जाकर आभार जताकर आया।

लेकिन नामित वाली लिस्ट में एक नाम ऐसा भी है जो कृपा का ट्विस्ट बन रहा है। ये वो नाम है जो सरकारी कृपा से खुश नहीं है। उनके अलग ही इमोशन है और वो ये मानकर चल रहे हैं कि उन्हें नामित बनाकर पार्टी ने उनका डिमोशन कर दिया है। वो नामित वाली कृपा से खुश नजर नहीं आ रहे हैं। उनकी इस बात पर सब हैरान हैं और सुना है कि डिमोशन वाली बात को वो कई लोगों से बोल चुके हैं। वो अपने इमोशन को साझा कर चुके हैं। वहीं डिमोशन वाली बात को लेकर अब भाजपा में भी एक गुट उन्हें हैरानी से देख रहा है।

वो हैरान हैं कि जिस पद को पाने के लिए सब परेशान थे वो पद मिलने पर ये नेता जी परेशान है। वो पुराना वक्त याद दिला रहे हैं और याद दिला रहे हैं तब तो इनकी ये शिकायत थी कि हमें फ्रीज कर दिया गया है और अब जब कृपा हुई है तो इन्हें डिमोशन लग रहा है।

कम से कम अब निगम में दखल तो रहेगी। हालांकि उनके जानने वाले ये कह रहे हैं कि वो चेहरे पर पूरी चहल पहल लिए हुए हैं और उनका मन भी प्रफुल्लित है। पता नहीं क्यों वो इसे डिमोशन मानकर चल रहे हैं। बहरहाल कृपा होने के बाद उदास होने वाला सीन भाजपा में गूंज रहा है।

# जब भाजपा महानगर अध्यक्ष ने महाभारत के उदाहरण से इस बात को समझाया लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना जरूरी होता है किसी भी युद्ध के दौरान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में इन दिनों उथल पुथल की चर्चा है। महानगर की टीम घोषित हो चुकी है और सरकारी कृपा वाला बादल भी बरस चुका है। लेकिन उसके बाद भी कहीं दिलों में आगे है कहीं आखों में नमी है। आखिर कुछ तो आग है जो ये धुआं उठ रहा है। जिन्हें कुछ मिला है

उन्हें ये भी गिला है कि उन्हें कुछ और बड़ा मिलना चाहिए था। वो जिस पद को चाहते थे वो मिलना चाहिए था। किसी को नामित वाली कृपा मिली है तो उन्हें लग रहा है कि ये तो कैरियर में ही बैरियर लग गया। वो इसे डिमोशन मान रहे हैं। जिन्हें कुछ नहीं मिला वो आग का गोला होकर घूम रहे हैं। मिलने पर भी गिला और नहीं मिलने पर भी गिला और ऐसे में इन सभी चर्चाओं को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की। मयंक गोयल ने कहा कि सब कुछ सहज और स्वभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सामुहिक



महानगर अध्यक्ष का महाभारत का उदाहरण: लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना जरूरी!
*गाजियाबाद: नामित पार्षद' पर अलग-अलग इमोशन!**

निर्णय लेने की परम्परा है। जो कुछ भी फैसले लिये गये वो सामुहिक रूप से यानी कोर कमेटी के नाम हैं। नाम कोर ने तय किये। उन्होंने बताया कि कई बार जिन्हें जिम्मेदारी मिली है वो भी डिस्ट्रैक्ट हो सकते हैं। इससे फोकस डिस्टर्ब हो जाता है। हम संगठन के लोग हैं और पार्टी के काम पर फोकस करते हैं। उन्होंने कहा कि फोकस डिस्ट्रेक्ट कैसे होता है इसका एक उदाहरण बताता हूं। एक बहन को जब जिम्मेदारी मिली तो वो आभार के बजाय नाराजगी के अंदाज में थी। उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि मुझे इससे बड़ा मिलने चाहिए था। मैंने उन्हें भी बताया और समझाया। महाभारत का एक उदाहरण महानगर अध्यक्ष ने दिया और सारथी की अहम भूमिका का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जितना रथ पर सवार योद्धा महत्वपूर्ण होता है उतना ही उस रथ का सारथी भी महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि युद्ध का रथ सामान्य नहीं होता ओर युद्ध कर रहा योद्धा भी सामान्य नहीं होता है। महानगर अध्यक्ष ने डिस्ट्रेक्ट को लेकर शल्य और करण का उदाहरण दिया। बताया कि पूरे युद्ध के दौरान शल्य का काम कर्ण को डिस्ट्रेक्ट करना था और यही एक कारण रहा कि करण जैसे योद्धा का भी फोकस नहीं रहा। वरना कर्ण जैसे योद्धा को हराना आसान बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातों से अपना ही नुकसान होता है।

# जब बैठे सपा-भाजपा-कांग्रेस और रालोद के नेता एक साथ तब निकले सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू को लेकर सबके जज्बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति के ट्रैक पर विचारधारा अलग हो, दल अलग हो। लेकिन एक दूसरे के संघर्ष को सभी देखते हैं। एक दूसरे की विचारधारा और व्यवहार का सभी सम्मान करते हैं। एक शहर में जब अलग अलग दल की राजनीति हो तो हर कोई जानता है कि राजनीति में कौन संघर्ष कर रहा है और किसको मुकाम नहीं मिला है। एक सामाजिक कार्यक्रम में एक इत्तेफाक हुआ जब बसपा, सपा, कांग्रेस और रालोद के नेता एक साथ मौजूद थे। राजनीतिक विचाराधाराएं एक साथ थी और यहां संदेश था कि विचार अलग हो सकते हैं लेकिन व्यवहार सबका एक है। एक दूसरे की प्रशंसा की जायेगी। मंच कुछ ऐसा था कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग मौजूद थे। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव यहीं मौजूद थे। यहां सपा के पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव भी मौजूद थे।

भाजपा विधायक संजीव शर्मा भी यहीं थे और इसी बीच राष्ट्रीय लोकदल के उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू भी आ गये। कांग्रेस के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम यहां बैठे थे और राष्ट्रीय लोकदल के ओडी त्यागी भी यहां थे। भाजपा से कृष्णवीर चौधरी और मास्टर अमरदत्त शर्मा भी साथ थे। ये सभी विचारधाराएं एक साथ थी और यहां राजनीतिक संघर्ष राजनीतिक जीवन और राजनीतिक सफलता को लेकर चर्चा छिड़ गई। शुरूआत राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू से हुई। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू राजनीति के पुराने चेहरे हैं। यूथ कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। समाजवादी पार्टी के महानगर प्रवक्ता रहे हैं और मौजूदा समय में वो रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और इससे पूर्व वो रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी रहे हैं। एक ऐसे व्यक्तित्व जिसने राजनीति का एक लंबा कैरियर बिना किसी विवाद के पूरा किया। एक ऐसे नेता के रूप में खुद को स्थापित किया है जिन्होंने समाजिक प्रतिष्ठा कमाई है। जो कभी भी पार्टी प्रोटोकॉल से अलग नहीं जाते और बिना बात के कोई विरोध नहीं करते। ऐसे व्यक्तिव को लाईफ टाईम अचीवमेंट के रूप में कुछ मिलना चाहिए। चर्चा यही चल रही थी कि राजनीति में टीटू जैसे चेहरे को चुनाव जरूर लड़ाया जाना चाहिए। इतने लंबे राजनीतिक कैरियर में उन्हें चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए। यह बात जब शहर विधायक संजीव शर्मा ने सुनी तो उन्होंने अपने विचार रखे। तब शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू यूथ कांग्रेस के जमाने से संघर्ष कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इन्हें राज्यसभा या एमएलसी चुनाव में उतारना चाहिए। ये वरिष्ठता के उस दौर पर हैं और इनके लिए इस स्तर पर विचार होना चाहिए। विचार रखने वाला माईक जब सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग के पास पहुंचा तो उन्होंने सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू की जमकर प्रशंसा की और कहा कि वास्तव में ऐसे चेहरों को राज्यसभा या विधान परिषद में होना चाहिए। एक लंबे राजनीतिक कैरियर में इतना मुकाम तो होना चाहिए। लेकिन यहां पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव ने जो कहा उसके अर्थ देर तक तलाशे जाते रहे। उन्होंने कहा कि मेरे विचार से सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू अब उस लेवल से काफी आगे आ गये हैं। अब जितेन्द्र यादव किस लेवल की बात कर रहे थे और काफी आगे का लेवल तो नहीं बताया लेकिन मास्टर अमरदत्त शर्मा ने ये बात हवा में पकड़ ली। वो पुराने नेता हैं और राजनीति के उतार चढ़ाव देखे हैं। वो हरशब्द का अर्थ जानते हैं और बात को अपना ही उदाहरण देकर जस्टीफाई कर दिया। उन्होंने फ्लैश बैक से बताया जब केसरी नाथ त्रिपाठी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे। मास्टर अमरदत्त शर्मा ने बताया कि मैं उनके पास काफी अपने बहुत सारे कागजात लेकर पहुंचा और उन्हें कहा कि मुझे भी पार्टी जिम्मेदारी दे। मुझे भी टिकट मिले। उन्होंने बताया कि पहले मेरे कागजों की ओर केसी नाथ त्रिपाठी ने देखा और उन्होंने मुझ पर निगाह डाली और कहा कि अब तुम काफी आगे आ गये हो और तुम अब मुझे चुनाव लड़ाओ। इतना कहकर मास्टर अमरदत्त शर्मा तो चुप हो गये लेकिन उन्होंने अपने उदाहरण से बता दिया कि जितेन्द्र यादव जिस आगे आने की बात कर रहे हैं उसका मतलब राजनीति में क्या होता है।



### टीटू बोले ये सभी लोग हैं मेरी वर्षों की राजनीतिक कमाई



करंट क्राइम। पोलिटिक्ल कैरियर की बात चल रही थी और सब मिलकर सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू के सियासी भविष्य की चिंता कर रहे थे। जो पूर्व हो गये वो भी कर रहे थे और जो उन्हीं की तरह हैं वो भी कर रहे थे। अब इतनी तारीफों के बाद जब सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू की बारी आई तो उन्होंने भी अपने दिल के उद्गार निकाले। उन्होंने कहा कि ये सभी लोग जो मेरी बात कर रहे हैं मेरे राजनीतिक सफर का जिक्र कर रहे हैं। यही सब मेरी राजनीतिक कमाई है। उन्होंने कहा कि दिल की बात तो ये है कि राजनीति में मुझे क्या मिला और क्या नहीं मिला। लेकिन मैं इतना जानता हूं कि राजनीति में मुझे आप जैसे लोग मिले। राजनीति में बहुत कुछ जानने और सीखने को मिला। राजनीति में संघर्ष सीखा है। एक प्रतिष्ठा जो हासिल हुई है यही मेरी राजनीतिक कमाई है।

## इंदिरापुरम किशोरी मौत मामला

# पुलिस बोली - आत्महत्या, परिजन बोले - हत्या

### वीडियो और हंगामे से उठे सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी में 18 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे मामले को संवेदनशील बना दिया है। एक ओर पुलिस इसे शुरूआती जांच में आत्महत्या बता रही है, वहीं परिजन लगातार हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और मौके पर हुए हंगामे ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र करीब 18 वर्ष थी और वह अपने परिवार के साथ सोसाइटी में रहती थी।

घटना की सूचना मिलते ही इंदिरापुरम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी (ट्रांस हिंडन) धवल जायसवाल ने बताया कि अब तक की जांच, घटनास्थल के निरीक्षण और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज, मौके की स्थिति और अन्य तकनीकी साक्ष्यों में कहीं भी हत्या जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। फिर भी सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ लोग बिना तथ्यों के पुलिस पर आरोप लगा रहे हैं। संस्कार न कराने या लापरवाही जैसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। कुछ तत्व इस मामले को तूल देकर अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी,ह्व उन्होंने कहा। दूसरी ओर, परिजनों का आरोप है कि किशोरी की मौत सामान्य नहीं है और इसमें किसी साजिश या दबाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। परिवार ने निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है और मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों को भी संकलित कर लिया गया है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर अंतिम स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल यह मामला गाजियाबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां एक ओर पुलिस अपनी जांच को सही बता रही है, वहीं दूसरी ओर परिजनों और कुछ संगठनों का आक्रोश थमता नजर नहीं आ रहा है।

10 April -26 page 4 09-04-2026 10:22 PM Page 1



## संपादकीय

# युद्धविराम से शांति उम्मीद

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच शांति की राह खुलने से एक नई उम्मीद जगी है। एक माह से अधिक समय तक वार-पलटवार के बाद आखिरकार दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि शुक्रवार से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो सकती है। इस फैसले से दुनिया के उन देशों को भी फिलहाल राहत महसूस हो रही है, जिनका इस युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से उनके यहां तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। युद्धविराम के एलान का तात्कालिक असर यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बढ़े दामों में अठारह फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे निश्चित तौर पर तेल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, लेकिन सवाल है कि क्या युद्धविराम स्थायी शांति में तब्दील हो पाएगा? यह प्रश्न इसलिए अहम है, क्योंकि खबरों के मुताबिक ईरान ने अपने प्रस्ताव में जो शर्तें रखी हैं, उन पर आम सहमति कायम करना आसान नहीं होगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ ही यह युद्ध का बिगुल बज गया था। इसका असर सिर्फ युद्ध में शामिल पक्षों तक ही सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों को जहां ईरान के मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा, वहीं भारत समेत कई अन्य देशों में तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया। ईरान ने रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई। इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में उछाल से कई देशों में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतें बढ़ गई। अब दो सप्ताह की युद्धविराम की घोषणा से कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन उसके बाद भी हालात सामान्य रह पाएंगे या नहीं, इस संबंध में अभी अनिश्चितता बरकरार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से बातचीत की शर्तों को लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। समझौता वार्ता में किस स्तर के प्रतिनिधि शामिल होंगे, इसका खुलासा भी अभी नहीं किया गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है। खबरों के मुताबिक, ईरान ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि उसे यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की छूट दी जाए, जो परमाणु हथियार बनाने के लिए अहम है। जबकि, अमेरिका और इजराइल के हमले के पीछे प्रमुख कारण यही था कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। ऐसे में सवाल है कि क्या अमेरिका, ईरान की इस शर्त को स्वीकार करेगा। खबरों में कहा गया है कि ईरान ने क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य बलों की वापसी, प्रतिबंधों को हटाना और उसकी जब्त संपत्तियों को वापस सौंपने की शर्त भी रखी है। यही नहीं, ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को इसी शर्त पर खोलने की बात कही है कि वह

# पांच दिन की तेजी थमी: सेंसेक्स 931 अंक टूटा, निफ्टी भी लुढ़का

## पश्चिम एशिया तनाव से बाजार में बढ़ी अनिश्चितता, रुपया भी कमजोर, डॉलर के मुकाबले 92.63 पर बंद

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पांच दिनों से जारी बढ़त का सिलसिला गुरुवार को टूट गया। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 931.25 (1.20%) अंक टूटकर 76,631.65 के स्तर पर आ गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 222.25 (0.93%) अंकों की गिरावट के साथ 23,775.10 के स्तर पर कारोबार करते हुए बंद हुआ। इस दौरान एलएंडटी और जियो फाइनेंस जैसे शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर स्थिति का साफ न होना रहा। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच सीजफायर के एलान के बावजूद दोनों पक्षों की ओर से तनातनी भरे बयान आए। इससे

**सेंसेक्स और निफ्टी का हाल**

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 76,631.65 | 23,775.10 |
| -931.25 (-1.20%) | -222.25 (-0.93%) |



### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर 92.63 पर बंद हुआ

पश्चिम एशिया में स्थिति नाजुक बनी रहने के कारण, गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 9 पैसे गिरकर 92.63 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जिससे निवेशक होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने को लेकर सतर्क हैं।
फॉरेक्स ट्रेडर्स ने कहा कि अगर इजरायल लेबनान पर बमबारी जारी रखता है तो ईरान द्वारा वार्ता से बाहर निकलने की धमकी के बीच भू-राजनीतिक अनिश्चितता अभी भी बहुत अधिक है, और बाजार मजबूत दिशात्मक रुख अपनाने के बजाय प्रतीक्षा करो और देखो की स्थिति में हैं।

निवेशकों के बीच अनिश्चितता बढ़ गई और इसका असर प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.63 पर खुला, फिर गिरकर दिन के दौरान 92.92 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सत्र के दौरान इसने दिन का उच्चतम स्तर 92.53 भी छुआ। गुरुवार को कारोबार सत्र के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 92.63 पर कारोबार कर रहा था। इसमें पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 9 पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

# टीसीएस के शानदार नतीजे: मुनाफा बढ़ा 31 प्रति शेयर डिविडेंड का ऐलान

### मार्च तिमाही में शुद्ध मुनाफा बढ़कर 13,718 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** टीसीएस के शानदार चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों, शुद्ध मुनाफे और 31 रुपये प्रति शेयर के डिविडेंड की पूरी जानकारी के लिए यह खबर पढ़ें। जानें कैसे बैंकिंग और कंज्यूमर सेक्टर ने कंपनी की ग्रोथ को बढ़ाया।
भारत की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं, जिसमें कंपनी ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। कंपनी ने विश्लेषकों के अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए बेहतरीन राजस्व वृद्धि दर्ज की है और इस मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर अपने निवेशकों के लिए लाभांश (डिविडेंड) की भी घोषणा की है।




**शुद्ध मुनाफा:** मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा तिमाही-दर-तिमाही (दक्ष्ढ्ढद) आधार पर 10,657 करोड़ रुपये से बढ़कर 13,718 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।
**राजस्व में उछाल:** मार्च तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत बढ़कर 70,698 करोड़ रुपये हो गया है।
**तिमाही-दर-तिमाही राजस्व:** पिछली तिमाही में कंपनी का राजस्व 67,087 करोड़ रुपये था, जो मौजूदा तिमाही में बढ़कर 70,698 करोड़ रुपये हो गया है।
**अनुमानों से बेहतर परिणाम:** टीसीएस का यह शानदार राजस्व प्रदर्शन विश्लेषकों के 69,494 बिलियन के अनुमानों को सफलतापूर्वक पार कर गया है।

# आईएमएफ रिपोर्ट: रक्षा खर्च बढ़ाने से भारत की अर्थव्यवस्था को मिलेगा मजबूती का सहारा

### घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ने से निवेश और रोजगार को बढ़ावा

### आयात निर्भरता घटाने से आर्थिक संतुलन होगा मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, भारत द्वारा घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयासों से देश की आर्थिक वृद्धि को मजबूती मिल सकती है। आईएमएफ का विश्लेषण बताता है कि रक्षा खर्च में वृद्धि, विशेष रूप से स्वदेशी उत्पादन पर केंद्रित होने पर अर्थव्यवस्था में उपभोग, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकती है।



आईएमएफ के वैश्विक रक्षा रुझानों पर आधारित इस विश्लेषण में कहा गया है कि रक्षा क्षेत्र में होने वाली वृद्धि अल्पावधि में आर्थिक गतिविधियों को तेज कर सकती है। इससे उपभोग और निवेश दोनों में वृद्धि देखी जा सकती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब दुनिया भर में भू-राजनीतिक तनावों के बढ़ते माहौल के बीच रक्षा खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हाल के वर्षों में करीब आधे देशों ने अपने रक्षा बजट में वृद्धि की है, जिसने शीत युद्ध के बाद देखी गई गिरावट को पलट दिया है।

यह अंतर भारत के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। भारत ने विदेशी हथियारों पर अपनी निर्भरता कम करने और एक मजबूत घरेलू रक्षा आधार स्थापित करने के प्रयासों को तेज किया है। रक्षा खर्च का एक बड़ा हिस्सा अब स्थानीय विनिर्माण, निजी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों की ओर निर्देशित किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा खर्च एक लक्षित मांग झटके के रूप में कार्य करता है।

### आर्थिक संतुलन और रोजगार सृजन

आईएमएफ ने यह भी बताया है कि आयात पर अधिक खर्च बाहरी संतुलन को कमजोर कर सकता है, क्योंकि मांग आयातित उपकरणों की ओर बढ़ जाती है। भारत का स्वदेशीकरण पर जोर ऐसे दबावों को कम करने में सहायक है। इससे मांग का एक बड़ा हिस्सा देश की अर्थव्यवस्था के भीतर ही बना रहता है, जो रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### घरेलू उत्पादन पर जोर, फायदे अनेक

भारत के संदर्भ में आईएमएफ के निष्कर्ष स्पष्ट रूप से आर्थिक बढ़त की ओर इशारा करते हैं। आईएमएफ का मानना है कि जब रक्षा खर्च आयात पर निर्भर रहने के बजाय घरेलू उत्पादन पर आधारित होता है, तो इसके फायदे और भी अधिक हो जाते हैं। आईएमएफ ने कहा है कि रक्षा खर्च का मल्टीप्लायर औसतन 1 के करीब होता है, जिसका अर्थ है कि खर्च में की गई हर बढ़ोतरी मोटे तौर पर आर्थिक उत्पादन में वैसी ही बढ़ोतरी में बदल जाती है। हालांकि, यह प्रभाव देशों के बीच अलग-अलग होता है। जिन देशों की हथियारों के आयात पर निर्भरता अधिक होती है, उनमें रक्षा खर्च मल्टीप्लायर छोटे होते हैं, क्योंकि मांग का एक हिस्सा विदेशों में चला जाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कछुआ अंतरिक्ष यात्री से पहले चंद्रमा परिक्रमा किया था: वह एक रूसी अंतरिक्ष जांच का परीक्षण करने के लिए भेजा गया था।
- अगर मनुष्य को बिना किसी सुरक्षा उपाय के स्पेस में छोड़ दिया जाए तो वह केवल 2 :00 मिनट तक ही जीवित रहेगा।
- अंतरिक्ष यात्री जब अंतरिक्ष का सफर कर पृथ्वी पर लौटते हैं तो उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के हिसाब से ढलने में समय लगता है। अंतरिक्ष की तरह वह पृथ्वी पर भी चीजों को हाथ से छोड़ देते हैं। लेकिन पृथ्वी पर चीजें जमीन पर गिर जाती हैं और टूट जाती हैं।
- अंतरिक्ष में पहली मानव निर्मित वस्तु जर्मन वी 2 रॉकेट थी।
- उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष एजेंसी को ३नाडा३ कहा जाता है, जो स्पेनिश में ३कुछ नहीं३ होता है।
- स्पेससूट में सीटी बजाना असंभव है।
- अंतरिक्ष में जन्मे काकरोच पृथ्वी पर जन्मे तिलचट्टे से तेज, ताकतवर, सख्त, और तेज हो जाते हैं।
- शुक्र के बादलों के ऊपर फ्लोटिंग शहरों दो ग्रह प्रजातियों के लिए हमारी सबसे अच्छी शर्त हो सकती हैं। धरती के समान स्थितियां एक इंसान को एक दबावयुक्त सूट की आवश्यकता नहीं होती है।

# श्रीलंका-आईएमएफ समझौता: आर्थिक सुधारों को मिली रफ्तार, राहत पैकेज की अगली किस्त तय



**नई दिल्ली।** श्रीलंका और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने द्वीपीय राष्ट्र के सुधार कार्यक्रम की संयुक्त पांचवीं और छठी समीक्षा को पूरा करने के लिए आर्थिक नीतियों पर कर्मचारी-स्तरीय समझौते पर सहमति दी है। आईएमएफ ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक टीम 26 मार्च से 9 अप्रैल तक श्रीलंका में थी, ताकि वैश्विक ऋणदाता की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) द्वारा समर्थित श्रीलंका के सुधार कार्यक्रम की संयुक्त पांचवीं और छठी समीक्षा की जा सके।

दोनों किस्तों के जरिए 2023 में 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज से 70 करोड़ डॉलर जारी किए जाएंगे। आईएमएफ ने कहा कि श्रीलंकाई अधिकारियों की ओर से लागू किए जा रहे आर्थिक सुधारों ने देश की रिकवरी में मदद की है।

### होर्मुज पारकर भारत पहुंचे ग्रीन आशा जहाज ने जेएनपीटी पर डाला लंगर

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण ने बताया है कि भारत के ध्वज वाला एलपीजी पोत ग्रीन आशा, जिसने सफलतापूर्वक होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था, ने आज बीपीसीएल-आईओसीएल की ओर से संचालित जेएनपीए के लिक्विड बर्थ पर लंगर डाल दिया है। ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से जेएनपीए पहुंचने वाला यह पहला ऐसा पोत है। पोत में 15,400 टन एलपीजी लदी हुई थी। पोत, उसका माल और चालक दल का हर सदस्य सुरक्षित है।

# फंसे निर्यातकों को राहत दिलाने के लिए डीजी शिपिंग का आदेश, पोर्ट्स को पारदर्शिता बरतने के निर्देश

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के महानिदेशालय शिपिंग ने देश के सभी बंदरगाहों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में फंसे निर्यातकों को दी जाने वाली रियायतों का पूरा लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। जारी सर्कुलर में कहा गया है कि कई मामलों में पोर्ट अथॉरिटीज की ओर से दी गई रियायतें जैसे डिटेंशन चार्ज, ग्राउंड रेंट और रीफर प्लग-इन शुल्क निर्यातकों तक समान रूप से नहीं पहुंच रही हैं। ऐसे में अब इन रियायतों को सीधे और पारदर्शी तरीके से संबंधित हितधारकों, जैसे फ्रेट फॉरवर्डर्स और ढश्डउउ२ के माध्यम से निर्यातकों तक पहुंचाना अनिवार्य किया गया है।

### पोर्ट अथॉरिटीज को क्या जिम्मेदारी दी गई?

डीजी शिपिंग ने पोर्ट अथॉरिटीज को यह भी जिम्मेदारी दी है कि वे टर्मिनल स्तर पर इसकी निगरानी करें, ताकि किसी भी तरह की देरी या गड़बड़ी न हो और लाभ



वास्तविक लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे।

### क्यों उठाया गया यह कदम?

यह कदम 497 करोड़ रुपये की निर्यात सुविधा हेतु लचीलापन और लॉजिस्टिक्स हस्तक्षेप (फ्रएछक्रऋ) योजना के तहत निर्यातकों को राहत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है, ताकि संकट के बीच व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों।

### शिपिंग लाइनों को क्या दिए गए निर्देश?

साथ ही, शिपिंग लाइनों को निर्देश दिया गया है कि वे शुल्क निर्धारण में पूरी पारदर्शिता और ऑडिट की सुविधा सुनिश्चित करें। डीजी शिपिंग ने यह भी कहा कि कार्गो पर लगाए जा रहे वार रिस्क प्रीमियम में बदलाव हुए हैं, जो पहले जारी निर्देशों के अनुरूप नहीं हो सकते।

# विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत की विकास दर का अनुमान, 6.6% ग्रोथ का अनुमान

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को मामूली रूप से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। 'साउथ एशिया इकोनॉमिक अपडेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी दरों में हालिया कटौती से वित्तीय वर्ष के शुरूआती महीनों में उपभोक्ता मांग को मजबूती मिलेगी। हालांकि, पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक संकट और ऊर्जा बाजारों में व्यवधान विकास की राह में चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं।
विकास दर के अनुमान और तुलना
विश्व बैंक ने जनवरी की अपनी 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रोस्पेक्ट्स' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जिसे अब संशोधित कर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। अन्य प्रमुख एजेंसियों के अनुमानों की बात करें तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 6.9 प्रतिशत, ओईसीडी (ओईसीडी) ने 6.1 प्रतिशत और मूडीज ने विकास दर 6 प्रतिशत




रहने का अनुमान जताया है।

### जीएसटी और घरेलू खपत पर प्रभाव

**निजी खपत:** कम मुद्रास्फीति और जीएसटी के युक्तिकरण के कारण देश में निजी खपत वृद्धि विशेष रूप से मजबूत रही है।
**मांग को समर्थन:** वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग को लगातार समर्थन मिलने की उम्मीद है। पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक चुनौतियां 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने और ईरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद से मध्य पूर्व में अनिश्चितता बढ़ गई है।

## राशिफल

**मेष:** दाम्पत्य जीवन में सुख-समृद्धि रहेगी। जीवनसाथी परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ आपसे शिकायत कर सकता है।
**वृष:** आपको अपनी वाणी में संयम रखना होगा। गुस्से में आकर अपनी पत्नी या पार्टनर से ऐसी कोई बात न कहें जिससे रिश्ते में हमेशा के लिए दरार आ जाए।
**मिथुन:** वैवाहिक जीवन पर पूरा ध्यान दें और अपने जीवन साथी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। रिश्ता मजबूत होगा।
**कर्क:** पत्नी के साथ आप उत्साह का अनुभव करेंगे। पार्टनर से छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो सकता है। किसी बात का विरोध करने पर तनाव हो सकता है।
**सिंह:** लव लाइफ के लिए आज का दिन आपके लिए कमजोर है, आज लव पार्टनर से कहासुनी भी हो सकती है।
**कन्या:** आप अपने जीवन साथी के प्रति उत्साहित रहेंगे। आपके नेतृत्व कौशल की आपकी पत्नी प्रशंसा करेगी।
**तुला:** दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। आप अपने जीवन साथी को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रेम जीवन जीने वालों को भी आज थोड़ा सब्र रखना होगा।
**वृश्चिक:** अपने रिश्ते को गंभीरता से लेने का समय आ गया है। आपके कई रिश्तों में विवाद और दरार आ सकती है।
**धनु:** लव लाइफ के लिए दिन कमजोर है। कलह की संभावना हो सकती है। आपकी वजह से आज अपनों का मूड खराब हो सकता है।
**मकर:** इस बात का ध्यान रखें कि आपके और आपकी पत्नी के बीच मनमुटाव न हो। मन में उदासीनता हो सकती है।
**कुंभ:** लव लाइफ की तरफ से भी आज का दिन शुभ है। पार्टनर के साथ कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी।
**मीन:** दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आपका जीवन साथी आपकी हर जरूरत को पूरा करेगा। उनका सहयोग मिलने से आप धन्य होंगे।

## चुटकुले

मास्टर जी- इस मुहावरे का अर्थ बताओ सांप की दुम पर पैर रखना।
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे कि बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।

---

लड़का जैसे ही कॉलेज में पहुंचा, खुशी से उछलने लगा
दोस्त- क्या हुआ, इतना खुश कैसे है?
लड़का- आज पहली बार मुझसे किसी लड़की ने मेट्रो में बात की है,
दोस्त- वाह भाई, क्या बात हुई?
लड़का- मैं बैठा था, वो बोली- उठ ये लेडीज सीट है।

---

एक बार बस के कंडक्टर ने चिंटू से पूछा - तुम हर रोज दरवाजे के पास ही खड़े रहते हो,
तुम्हारा बाप चौकीदार है क्या?
चिंटू बहुत ही शरारती था
बोला - तुम हमेशा मुझसे पैसे मांगते रहते हो, तुम्हारा बाप भिखारी है क्या?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# आईपीएल सीजन के बीच बीसीसीआई ने बनाए नए नियम!

## अब इतने ही खिलाड़ियों को मैदान पर मिल सकेगा प्रवेश

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 सीजन के बीच एक बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड ने समय बचाने और मैच के दौरान अनुशासन बनाए रखने के लिए केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति देने का फैसला किया है जिनका नाम टीम सूची में शामिल होगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति होगी जिनका नाम टीम सूची में शामिल होगा। सूची में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति होगी।

**नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की सूची में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है**



नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की सूची में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट सब के रूप में एक और 4 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। इन 16 खिलाड़ियों के अलावा मैदान में टीम का कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा।

नए नियम के मुताबिक टीम सूची में शामिल न होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे।

वे खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल पांच खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी खिलाड़ियों को डगआउट में ही रहना होगा। इन नियमों का पालन न करना टीम और खिलाड़ियों की मुश्किल बढ़ा सकता है।

### क्यों बनाया गया ये नियम

बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के दौरान ये फैसला क्यों लिया है, इसकी वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि मैच के दौरान अनुशासन बनाए रखने, अनावश्यक भीड़ और व्यवधान को कम करने और खेल की गति को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से ये नियम लाए गए हैं।

### टीम प्रबंधन को दिए गए निर्देश

सूत्रों के मुताबिक, टीम प्रबंधन को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैच के दौरान सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों की अनावश्यक आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। बाउंड्री लाइन और एलईडी विज्ञापन बोर्ड के बीच केवल सीमित खिलाड़ियों को ही रहने की अनुमति होगी। बीसीसीआई इन नियमों को और भी कड़ा करने का विचार कर रही है। माना जा रहा है कि यह नया नियम एमपीसी (मैच खेलने की शर्तों) के क्लॉज 11.5.2 और 24.1.4 को और सख्ती से लागू करने के लिए लाया गया है। क्लॉज 11.5.2 के मुताबिक, बिना अंपायर की अनुमति के मैदान पर ड्रिंक्स ले जाना या समय बर्बाद करना नियमों के खिलाफ है।

# नितेश गोल्ड से चूके, सिल्वर से किया संतोष, सचिन और प्रिंस ने जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** किर्गिस्तान के बिश्केक में सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने देश की पदक संख्या में इजाफा किया। नितेश ने 97 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि सचिन सहरावत और प्रिंस ने अपने-अपने भार वर्गों में कांस्य पदक हासिल किए।



भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने बुधवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की पदक संख्या में एक रजत और दो कांस्य पदक जोड़े। नितेश ने 97 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि सचिन सहरावत (67 किग्रा, ग्रीको रोमन) और प्रिंस (82 किग्रा, ग्रीको रोमन) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। बुधवार को तीन पदक जीतने के साथ ही भारत के पास दो रजत और तीन कांस्य पदक हो गए।

दो महिला पहलवानों ने भी कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में जगह बनाई। सभी की निगाहें नितेश पर थी। 23 साल के नितेश का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मोहम्मदहादी सारावी से था और वह वैसा जादू नहीं दिखा सके जिससे वह फाइनल में पहुंचे थे और फाइनल मुकाबले में 1-7 से हार गए। इससे पहले सचिन ने दूसरे राउंड में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कांस्य पदक के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के अब्दुमालिक अमीनोव को 6-5 से हराकर पदक जीता।

इसके बाद प्रिंस ने दिन का दूसरा कांस्य पदक भारत की झोली में डाला जब उन्होंने 82 किग्रा वर्ग में तुर्कमेनिस्तान के दीदार अमनजारोव पर 10-1 से जबरदस्त जीत दर्ज की।

# सच का सामना करने से डरे बाबर आजम!

## कोहली से तुलना के सवाल पर पत्रकार से ही भिड़े

**कराची।** पाकिस्तान में बाबर आजम की तुलना अक्सर विराट कोहली के साथ की जाती है। पीएसएल मैच के बाद हालांकि, जब बाबर से कोहली की तुलना को लेकर सवाल किया गया तो वह पत्रकार पर ही बिफर गए।

पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम भारत से स्टार खिलाड़ी विराट कोहली से तुलना करने के सवाल पर पत्रकार से ही भिड़ गए। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पेशावर जाल्मी की हैदराबाद किंग्समैन के खिलाफ जीत के बाद बाबर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए, लेकिन जैसे ही पत्रकार ने कोहली से उनकी तुलना करते हुए सवाल किया तो बाबर बिफर गए। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



**क्या था वो सवाल जिस पर बिफरे बाबर**

मैच के बाद एक पत्रकार ने बाबर से कोहली की तुलना करते हुए प्रश्न किया। पत्रकार का कहना था कि भारत के पूर्व कप्तान लगातार मैच खत्म करने के लिए जाने जाते हैं। पत्रकार ने बाबर से कहा कि वह कोहली की तरह मैच फिनिश नहीं कर पाते हैं, इस पर क्या कहेंगे।

पत्रकार ने सवाल किया, विराट कोहली के शॉट्स की रेंज आपसे मिलती-जुलती है, लेकिन वो लगातार मैच को फिनिश करते हैं जो कि लोग कहते हैं कि आपमें इसकी कमी है। चूंकि कई लोग आपकी तुलना उनसे करते हैं तो इस तुलना पर आपके क्या विचार हैं?

**कोहली के साथ तुलना को खत्म करने कहा**

बाबर पत्रकार के इस सवाल से चिढ़ गए और उन्होंने कोहली के साथ तुलना को दृढ़ता से खारिज कर दिया। बाबर ने पत्रकार से ऐसी तुलना बंद करने को कहा और जोर देकर कहा कि यह एक गलत धारणा है कि उन्होंने मैच फिनिश नहीं किए हैं। बाबर ने कहा, चलिए इसे यहीं खत्म करते हैं। ऐसे विचार अपने तक ही रखें। तुलना करना बंद करें और आगे बढ़ें। यह आपकी गलतफहमी है कि मैंने मैच फिनिश नहीं किए हैं।

### आंकड़ों में कोहली बाबर से काफी आगे

बाबर की बल्लेबाजी, स्ट्रोकप्ले और पारी को संभालने की क्षमता के कारण वर्षों से उनकी तुलना कोहली से की जाती रही है। 2021 में यह तुलना तब और बढ़ने लगी जब बाबर ने आईसीसी रैंकिंग में नंबर 1 वनडे बल्लेबाज के रूप में कोहली के 1258 दिनों के दबदबे को खत्म किया और 2023 में वे मात्र 97 पारियों में 5000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। हालांकि, आंकड़ों में कोहली बाबर आजम से काफी आगे हैं और दोनों बल्लेबाजों में कोई तुलना ही नहीं है। पाकिस्तान में क्रिकेट प्रशंसक हर बार बाबर की तुलना कोहली से करते हैं, लेकिन वास्तविकता तो कुछ और ही है।

# धीमी ओवर गति के लिए गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति को लेकर बीसीसीआई ने शुभमन गिल पर जुमार्ना लगाया है। गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए कार्रवाई की गई है। गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। गुजरात ने दिल्ली के खिलाफ रोमांचक मुकाबला एक रन से अपने नाम किया था। गुजरात की मौजूदा आईपीएल सीजन में यह पहली जीत है। लेकिन अब गुजरात के कप्तान पर जुमार्ना भी लग गया है।



आईपीएल ने एक बयान में कहा, गुजरात के कप्तान गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 14वें मैच में धीमी ओवर गति को लेकर जुमार्ना लगाया गया है। यह मौजूदा सीजन में टीम आईपीएल की आचार संहिता 2.22 का पहला उल्लंघन था जिस कारण उन पर न्यूनतम कार्रवाई की गई है। इसी कारण गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

**गुजरात की करीबी जीत**

प्रसिद्ध कृष्णा की अंतिम ओवर में की गई शानदार गेंदबाजी और डेविड मिलर की एक गलती से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराया। गुजरात की आईपीएल में रनों से लिहाज से ये सबसे कम अंतराल से जीत है। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 209 रन ही बना सकी। दिल्ली की टीम आईपीएल में पहली बार एक रन से नहीं हारी है। यह चौथी बार है जब टीम को एक रन के अंतराल से हार मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को इससे पहले 2015 में चेन्नई सुपर किंग्स, 2016 में गुजरात लायंस और 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के अलावा किसी टीम ने एक रन के अंतराल से इतने मैच नहीं गंवाए हैं।

# दिग्गज हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश ने किया मतदान, रियान पराग ने गुवाहाटी में डाला वोट

**कोच्चि।** केरल, असम और पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान जारी है। खिलाड़ी भी मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ वोट डाला।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान किया। वहीं, भारतीय क्रिकेटर रियान पराग ने गुवाहाटी में अपने वोट डाला। श्रीजेश ने मतदान करने के बाद स्याही लगी अंगुली दिखाई। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। श्रीजेश ने अपने परिवार के साथ मतदान किया और लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लिया। केरल की सभी सीटों पर एक चरण में मतदान हो रहे हैं।

विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतदान की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। गुरुवार को असम, केरल और पुदुचेरी में मतदान हो रहा है।

# युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## सिंधू और प्रणय को मिली हार



**नई दिल्ली।** बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत के आयुष शेट्टी जहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे, वहीं गुरुवार को पीवी सिंधू और एचएस प्रणय को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं, महिला एकल वर्ग में पीवी सिंधू और पुरुषों में एचएस प्रणय को हार मिली है।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपे के चि यू जेन को 21-16, 21-12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

**तनीषा-कपिला की जोड़ी भी हारी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-8 से हराया।

कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एचएस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21-12, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चौथी वरीयता प्राप्त मलयेशिया के चेन तांग जी ओर तो ई वेइ ने 21-13, 21-14 से हराया।

# केकेआर प्लेइंग-11 में कर सकता है बड़े बदलाव; पंत पर होगी नजर

**कोलकाता।** केकेआर की टीम आईपीएल 2026 में जीत का खाता खोलने के लिए बेताब है। अब टीम का सामना गुरुवार को कोलकाता में लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। इस मैच के लिए उम्मीद है कि केकेआर की टीम प्लेइंग-11 में बदलाव कर सकती है।

अपनी पहली जीत की तलाश में कोलकाता नाइट राइजर्स (केकेआर) का सामना गुरुवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। केकेआर की टीम के लिए मौजूदा सीजन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है क्योंकि उसे दो मैच में हार मिली है, जबकि एक मैच उसका बारिश की भेंट चढ़ा है। केकेआर की रणनीति अब तक कारगार साबित नहीं हुई है और उम्मीद जताई जा रही है कि टीम प्रबंधन लखनऊ के खिलाफ व्यापक बदलाव कर सकता है।

**नरेन फिट, वरुण का खेलना मुश्किल**

लखनऊ के खिलाफ आईपीएल 2026 के 15वें मैच से पहले केकेआर को बड़ी राहत मिली है। सुनील नरेन अपनी बीमारी से उबर गए हैं। हालांकि, वरुण चक्रवर्ती का खेलना अभी भी पक्का नहीं है, क्योंकि उनकी अंगुली में चोट लगी है। सुनील नरेन की वापसी से केकेआर की गेंदबाजी यूनिट को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिसने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में संघर्ष किया था। हालांकि, यह देखना होगा कि टीम प्रबंधन नरेन को लेता है या रचिन रवींद्र को उनकी जगह मौका मिलता है जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं।

## वरुण-नरेन की होगी वापसी



**ग्रीन करेंगे गेंदबाजी**

केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए एक और अच्छी खबर यह है कि कैमरून ग्रीन के लखनऊ के खिलाफ मैच से गेंदबाजी शुरू करने की संभावना है। इस ऑलराउंडर को अब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ तालमेल बिठाते हुए वर्कलोड मैनेजमेंट की वजह से गेंदबाजी से दूर रखा गया था, हालांकि वह ट्रेनिंग सेशन में नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे थे।

केकेआर ने अभी तक अजिंक्य रहाणे और फिन एलेन की सलामी जोड़ी को आजमाया है जो अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। वह इस मैच में एलेन और टिम सीफर्ट की न्यूजीलैंड की जोड़ी को आजमा सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक अन्य खिलाड़ी रचिन रवींद्र भी मध्य क्रम में जगह बनाने के दावेदार हैं। इससे केकेआर को स्पिन का एक अतिरिक्त विकल्प भी मिल जाएगा।

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसकी टीम पिछले मैच में जीत दर्ज करने से आत्मविश्वास से भरी होगी। उसके कप्तान ऋषभ पंत ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पिछले मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे और वह अपनी इस फॉर्म को जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11:

**केकेआर:** फिन एलेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), कैमरन ग्रीन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, ब्लेसिंग मुजरबानी।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स:** मिचेल मार्श, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, मणिमरन सिद्धार्थ, आवेश खान, मोहम्मद शमी, दिग्वेश सिंह राठी, प्रिंस यादव।

केकेआर और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच कब खेला जाएगा? केकेआर और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच नौ अप्रैल यानी गुरुवार को खेला जाएगा। केकेआर और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच कहां खेला जाएगा?

# भारत के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं राशिद खान, क्यों लाल गेंद प्रारूप से बना रहे दूरी?

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और भारत के बीच जून में एक टेस्ट मैच की सीरीज होनी है। लेकिन इससे पहले अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने संकेत दिए हैं कि वह इस मैच का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने भारत के खिलाफ जून में होने वाले एकमात्र टेस्ट में खेलने पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि लाल गेंद क्रिकेट उनकी लंबी करियर की संभावनाओं के लिए जोखिम भरा हो सकता है। राशिद फिलहाल आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अफगानिस्तान को जून में न्यू चंडीगढ़ में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है, लेकिन राशिद ने स्वीकार किया कि इस मैच में उनके खेलने की संभावना कम है।

**राशिद बोले- डॉक्टर ने टेस्ट प्रारूप से दूर रहने की दी है सलाह**



राशिद ने कहा, मैं पहले भी एक टेस्ट खेल चुका हूं। मैं बस आराम से खेलूंगा। मैं नहीं चाहता कि मेरी पीठ में कोई इंजरी हो। मैं 100 टेस्ट मैच नहीं खेल सकता। लाल गेंद प्रारूप का क्रिकेट थोड़ा मुश्किल है क्योंकि मेरे डॉक्टर ने मुझसे कहा था कि इससे दूर रहो। फिर भी मैंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 ओवर फेंके, जिससे डॉक्टर हैरान रह गए। वनडे क्रिकेट मुझे पसंद है और मेरा ध्यान इस फॉर्मेट पर है। मैं इसमें लंबे समय तक खेल सकता हूं। लाल गेंद क्रिकेट को सीमित रखना पड़ेगा। साल में एक टेस्ट है तो मैं उसे खेल लूंगा, लेकिन उससे ज्यादा मैनेज करना मुश्किल होगा।

राशिद ने कहा कि अगर वह टीम का हिस्सा हैं तो उन्हें पूरे दिन गेंदबाजी करनी पड़ेगी। राशिद ने कहा, 'मुझे सावधानी बरतना है और खुद को वनडे विश्व कप के लिए तैयार करना है।'

दिग्गज लेग स्पिनर के बयान से स्पष्ट हो गया है कि भविष्य में वह अपना फोकस वनडे पर रखना चाहते हैं। राशिद ने अब तक अफगानिस्तान के 12 टेस्ट में सिर्फ छह में हिस्सा लिया है और आखिरी बार जनवरी 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेला था।

2023 वनडे विश्व कप के बाद उनकी पीठ की सर्जरी ने लाल गेंद क्रिकेट में उपलब्धता सीमित कर दी।

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम का जलवा

## एक साथ जमाया 4 गोल्ड मेडल पर कब्जा

**नई दिल्ली।** एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टूनार्मेंट में टीम इंडिया ने मेडल तालिका में टॉप किया है। भारत ने कुल 10 मेडल अपने नाम किए जिसमें से 4 गोल्ड हैं। भारत की खिलाड़ियों ने अलग-अलग कैटेगरी में ये कमाल किया है।

भारतीय महिला टीम ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टूनार्मेंट में टीम इंडिया ने मेडल तालिका में टॉप किया है। भारत ने कुल 10 मेडल अपने नाम किए जिसमें से 4 गोल्ड हैं। भारत की खिलाड़ियों ने अलग-अलग कैटेगरी में ये कमाल किया है।

भारत की महिला टीम ने कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह भी मौजूद रहे। जहां मीनाक्षी ने 48 किग्रा की कैटेगरी में गोल्ड जीतकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने मंगोलिया की नोमुंडारी एन्ख अमलगानर 5-0 से जीत हासिल की। इसी के साथ भारत के दबदबे की शुरूआत हुई और टीम इंडिया का हर सदस्य मेडल जीतकर ही वापस लौटा।



वहीं भारतीय टीम ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में कुल 10 मेडल अपने नाम किए। इसमें 4 गोल्ड, दो सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। भारत ने इसी के साथ अपना दबदबा टूनार्मेंट में बनाए रखा। खास बात ये है कि हर खिलाड़ी ने कोई ने कोई मेडल अपने नाम किया है।

मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत को हालांकि सबसे बड़ा झटका 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रुएनरोस (पूर्व नाम जुटामास जितपोंग) से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# गाजियाबाद आसपास




# लोनी में अवैध तार जलाने पर छापेमारी, 10 पकड़े

## पहले भी मुद्दा उठा चुके हैं नंदकिशोर गुर्जर







**लोनी, करंट क्राइम।** तहसील लोनी क्षेत्र में अवैध रूप से तार जलाकर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अमित विहार क्षेत्र में देर रात चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान की गई।

छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध प्रदूषणकारी इकाइयों पर कार्रवाई करते हुए मौके पर तार जलाकर धातु निकालते हुए 10 व्यक्तियों को पकड़ा, जिन्हें तत्काल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार रति गुप्ता सहित पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल ने स्पष्ट किया कि लोनी क्षेत्र में किसी भी हालत में अवैध एवं प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में इस मुद्दे को लेकर स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में तार जलाने और बढ़ते प्रदूषण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष कड़ी आपत्ति जताई थी और सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

इसी क्रम में प्रशासन की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# गिरिराज सिंह ने निटरा कॉन्फ्रेंस में मिल्कवीड रिसर्च को बताया आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निटरा में 'सुरक्षात्मक वस्त्रों में नवाचार' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए संस्थान के अनुसंधान कार्यों और विशेष रूप से मिल्कवीड (आकौआ) पर हो रही रिसर्च की सराहना की।

उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के ह्लस्वदेशी और आत्मनिर्भर भारतह्व के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान गिरिराज सिंह ने निटरा महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार के साथ मिल्कवीड की खेती का निरीक्षण किया और वैज्ञानिकों से इसके विभिन्न उपयोगों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस पौधे के प्रत्येक हिस्से—फल, तना और रेशा—को आय के स्रोत के रूप में विकसित किया गया है, जो किसानों के लिए भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

उन्होंने डॉ. परमार के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें इस नवाचार का सूत्रधार बताया।कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. परमार द्वारा लिखित मिल्कवीड विषयक पुस्तक का विमोचन और CLOCe''ळट डॉक्यूमेंट्री का लोकार्पण भी गिरिराज सिंह के हाथों हुआ।

साथ ही निटरा द्वारा विकसित 'मिल्कवीड फ्लॉस और सीड सेपरेटर' मशीन का अनावरण किया गया, जो इस फसल के प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, केवीआईसी की सीईओ रूप राशी, संयुक्त सचिव मनीषा चटर्जी, निटरा चेयरमैन विदित जैन, डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, उद्योगपति और शिक्षाविद मौजूद रहे।

### मिल्कवीड खेती से किसानों की आय बढ़ेगी : गिरिराज सिंह

**करंट क्राइम।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मिल्कवीड की खेती कम लागत में अधिक आय देने की क्षमता रखती है। उन्होंने बताया कि देशभर में इस पर शोध और परीक्षण जारी हैं और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, जिससे यह फसल किसानों के लिए वरदान बन सकती है।

# श्री बालाजी मंदिर में मनाया गया बालाजी का जन्मोन्सव और छठी कार्यक्रम खाटू श्याम मंदिर का हो रहा जीर्णोद्धार, भक्तों से सहयोग की अपील













**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट (रजि.) द्वारा इस वर्ष भी श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव और छठी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

गुरुवार को शाम 7 बजे से अंबेडकर रोड स्थित श्री बालाजी एवं श्री खाटू श्याम जी मंदिर में छठी का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के समापन पर भक्तों के लिए विशाल भोजन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। संस्थापक अशोक जिंदल ने बताया कि समिति 1995 से निरंतर मंदिर के निर्माण, देखरेख और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। वर्ष 2024 में संस्था को ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत कराया गया, जिसके बाद से यह 'श्री बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट' के नाम से कार्यरत है।





वर्तमान में ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में स्थित श्री खाटू श्याम जी के मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भव्य रूप से कराया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने सभी भक्तों से नवनिर्मित हो रहे मंदिर के दर्शन करने और इस पुनीत कार्य में अपनी सामर्थ्य अनुसार सहयोग करने की अपील की है। साथ ही आग्रह किया गया है कि सहयोग राशि देकर ट्रस्ट की आधिकारिक रसीद अवश्य प्राप्त करें। इस दौरान सुधीर गोयल, मोनू (चेयरमैन), महेन्द्र गर्ग, प्रदीप कंसल (वाइस चेयरमैन), अमित जिंदल (अध्यक्ष), अर्चित गोयल (उप प्रधान), अनुराग कंसल (महामंत्री), अजय अग्रवाल (संस्थापक कोषाध्यक्ष), प्रवीण गोयल (वरिष्ट उपाध्यक्ष) और विपिन मोहन गर्ग सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।




### गैस एजेंसी से हुए सवार और पेट्रोल पम्प पर उतर कर हो गये फरार

जेवर वाली रैली को लेकर बस प्रमुख बनाये गये। हिदायत दी गयी कि कोई भी कार से नहीं जायेगा सब बस से जायेंगे। नामित पार्षद ने पहले बस का लक्ष्य उठाया लेकिन बस का वजन था तो उनके कंधे थक गये और उन्होंने यह जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया। उनकी आयु देखते हुए उन्हें ढील दी गयी। मगर जब चलने का टाईम आया तो पार्षद जी अपने साथ पांच बंदे लेकर पहुंचे। इन पंच प्यारों के गले में पार्षद जी ने पटका पहनाया और दिखाया कि पांच लोग लेकर आया हूं। बस गैस ऐजेंसी से चली तो किसी को खटका भी नहीं था कि पटका पहले ये पांचों लोगों के साथ बस के इर्द गिर्द स्कूटी वाले चल रहे हैं। बस जैसे ही पेट्रोल पम्प पर पहुंची तो पटके वाले पंच प्यारे उतरे और स्कूटी पर बैठकर घर चले गये। फोटो भी खिंच गयी कि रैली में जा रहे हैं और कोई काम भी डिस्टर्ब नहीं हुआ। कहानी का ट्विस्ट ये है कि थोड़ी आगे चलकर नामित पार्षद भी बस से उतरकर अपने घर को आ गये।

### क्यों लगे हैं देवतुल्य जनप्रतिनिधि-संगठन वालों के यहां जाने से कतराने

सियासत है इसमें व्यवहार का बड़ा रोल होता है। जो चुनाव से पहले मंचों से फोन नम्बर लिखा रहे थे अब फोन करो तो उनके चेले फोन उठाते हैं। सीधे बात ही नहीं कराते। तकरार का सीन ऐसा है कि साधु को झिड़क दिया, संत से बहस हो गयी और शिव से भी, मोहन से भी तकरार हो गयी। जिन्हें दूसरी कमान मिली वो भी शब्दों का घमासान कर रहे हैं। पता ही नहीं चलता कि कब किसका सम्मान कर रहे हैं और किसका अपमान कर रहे हैं। सियासत की इस नयी परिपाटी का जिक्र पुराने नेताओं में चला। बताया गया कि एक दौर था जब लोग जनप्रतिनिधियों के यहां केवल भाव से जाया करते थे। कोई काम नहीं होता था लेकिन मुलाकात होती थी। कार्यकर्ताओं का तो शरण स्थल ही संगठन का नेता हुआ करता था। वो अपना दुख सुख हर बात संगठन को बताते थे। लेकिन अब नयी परिपाटी आ गयी है अब जनप्रतिनिधियों और संगठन के लहजे में ही लाठी आ गयी है।

### किस भाजपा नेता के 2 करोड़ लेकर हो गई है कोई हसीना फरार

किस्सा फूल वालों के यहां गूंज रहा है और किस्सा विदेश से लेकर देश तक चर्चा में है। किस्से में टेंशन है और किस्से में नेता जी के परिजन है। सबसे बड़ी बात ये है कि हसीना एक करोड अस्सी लाख लेकर फरार हो गई है और नेता जी किसी को अपना सीना चीरकर दर्द भी नहीं बता पा रहे हैं। मामला भगवा नेता जी के विदेश में पढने वाले परिजन से जुड़ा है। किस्से के तार आईपीएल से जुड़े हैं और किस्से में एमसीएक्स का जिक्र भी आ रहा है। उधर मैच में टॉस हुआ और इधर लाखों का लॉस हुआ। हसीना के फेयर में नेता जी के परिजन थे और हसीना से उनके इमोशन जुड़े थे। पता तो तब चला जब एक करोड अस्सी लाख का चूना लग गया। सितम ये हुआ कि मामला सुल्टाने के लिए एक दूसरे भाजपा नेता के घर पर बैठक हुई। बैठक में हसीना के मम्मी पापा को बुलाया गया। वो बेटी से भी चार कदम आगे निकले और उन्होंने साफ हाथ खड़े कर दिया कि हमारा कोई लेना देना नहीं है। इधर दिक्कत ये है कि खुलकर बतायें तो मामला दूसरा निकल आयेगा। अगर बात को छुपायें तो घाटा कहां से पूरा होगा। फिलहाल तो घाटा हो ही गया है और खामोशी के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

# कैदी की मौत पर गहराया रहस्य

## अब अदालत ने मांगे सबूत, 13 अप्रैल तक खुल सकते हैं राज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान हुई मौत का मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। अदालत में चल रही न्यायिक जांच के बीच अब आम लोगों से भी सबूत और जानकारी मांगी गई है, जिससे इस पूरे प्रकरण पर सस्पेंस और गहरा गया है। मामला फिरोजाबाद के थाना फरिहा क्षेत्र के रहने वाले बंदी गोलू उर्फ आकाश से जुड़ा है, जिसकी 14 दिसंबर 2025 को उपचार के दौरान मौत हो गई थी।




इस घटना की परिस्थितियों को लेकर न्यायालय में जांच संख्या 1/2025 के तहत सुनवाई चल रही है। अब अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद की अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस मामले से जुड़ा कोई मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य है, तो वह 13 अप्रैल 2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। यह अपील सीधे तौर पर इस बात की ओर इशारा करती है कि मामले के कुछ पहलू अब भी अनसुलझे हैं।सूत्रों की मानें तो बंदी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, क्या इलाज में कोई लापरवाही थी या फिर इसके पीछे कोई और वजह – इन सभी सवालों के जवाब अभी सामने आना बाकी हैं। अदालत की इस सार्वजनिक अपील के बाद अब नजरें 13 अप्रैल पर टिक गई हैं, जब इस मामले में कोई बड़ा खुलासा हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम ने न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया को चर्चा में ला दिया है, बल्कि यह भी संकेत दे रहा है कि सच्चाई तक पहुंचने के लिए हर पहलू की गहन जांच की जा रही है।

# ए.बी.ई.एस. कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन, 150 यूनिट रक्त संग्रह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. कॉलेज में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफायर के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ए.बी.ई.एस. कॉलेज के अध्यक्ष नीरज गोयल, महासचिव शाश्वत गोयल तथा निदेशक प्रो. (डॉ.) आलोक चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी.जी. रोटेरियन अमिता मोहिंद्रू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफायर की प्रेसिडेंट रोटेरियन रिया गोयल, सचिव रोटेरियन पूर्ति बंसल, कोषाध्यक्ष अल्का गर्ग तथा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोटेरियन मिली गोयल सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता करते हुए शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर में संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल लगभग 150 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। एन.एस.एस. के संचालक फैकल्टी देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंदों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और समाज में मानवता तथा सहयोग की भावना को सुदृढ़ करता है।



# केमिकल से बनी खराब गुणवत्ता की 200 लीटर सॉस कराई नष्ट

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को मोहल्ला पन्नापुरी/भगवानपुरी में एक सॉस फैक्टरी पर छापा मारा है। मौके पर रखे ड्रम व अन्य बर्तनों में केमिकल और रंग से बनी खराब गुणवत्ता की 200 लीटर सॉस मिलने पर उसे नष्ट कराया गया है। इसके अलावा जांच के लिए एक सॉस का नमूना प्रयोगशाला भेजा गया है।

टीम को सूचना मिली कि मोहल्ले में एक घर में बनी फैक्टरी में केमिकल और रंगों को मिलकर नकली सॉस बनाई जा रही है। इस सॉस की बिक्री शहर व देहात इलाकों में प्रतिदिन लगने वाले खाद्य पदार्थों के ठेलों पर होती है। बर्गर, चाऊमीन आदि खाद्य पदार्थों में इस सॉस का इस्तेमाल होता है।

सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि टीम ने तैयार करीब 200 लीटर सॉस को मौके पर देखा। इस सॉस को टमाटर की जगह केमिकल और रंगों से तैयार किया जा रहा था। सुनील कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नकली सॉस की फैक्टरी को लेकर शिकायत मिल रही थी। मौके पर जांच की गई तो शक हुआ है।




# जल्द पूरी होगी एसीपी की डिमांड

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के लिए एक जानकारी मिल रही है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों की डिमांड पूरी होने वाली है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक के बाद एक एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही थी। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से जहां एसीपी स्तर के चार अधिकारी एडीसीपी हो गए, तो तीन का तबादला हो गया है। अब बताया जा रहा है कि जल्द ही तीन सालिया भी जाने की तैयारी में हैं। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के कई जोन और सर्किल में बदलाव देखने को मिलेगा। तो कई पैराशूट एंट्री होने की जानकारी मिल रही है। अब बताया जा रहा है कि नदियापार के लिए एक पैराशूट एंट्री होगी, जो सीधे खास सर्किल में कमान संभालने के लिए तैयार रहेंगे। तो बताया जा रहा है कि सिटी में भी एक एसीपी स्तर के अधिकारी को लेकर बदलाव देखने को मिल सकता है। कुल मिला पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बताया जा रहा है कि चार एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या शॉर्ट चल रही थी। कुछ पद पर ऐसे अधिकारी हैं जिनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी जा सकती है, जिसकी वजह से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों वाला गणित बिगड़ा हुआ बताया जा रहा था। अब गुरुवार को जिस तरीके से एक के बाद एक लिस्ट आई है ,उसके बाद एक तीसरी लिस्ट आने की संभावना बनी हुई है। तीसरी लिस्ट आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्विस्ट आएगा और फिर यहां की भी नई लिस्ट जारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि साहब ने कुछ चेहरे तय कर लिए और कुछ को चुना जाना शेष है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि बाहर से लिस्ट में आने वाले पैराशूट पोस्टिंग की एंट्री जोरदार होने वाली है। बताया जा रहा है कि उनका दमदार आगाज होगा और वह सबसे खास दो सर्किल में एंट्री को टारगेट बनाकर आ रहे हैं। इन सबके बीच सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले लगभग एक सप्ताह के बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव देखने को मिलेगा।



# मिली नई ऊर्जा, गोपाल अग्रवाल ने दिया मजबूती का मंत्र

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा नगर वार्ड-17 में आयोजित बैठक में संगठनात्मक सक्रियता और जनसंपर्क को लेकर स्पष्ट रणनीति सामने आई। पार्षद जयकिशन पाल के आवास पर संपन्न इस कार्यक्रम में पूर्व महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उनके संबोधन ने कार्यकताओं में नया जोश भर दिया। अपने संबोधन में गोपाल अग्रवाल ने केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को विकास का आधार बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभाव से आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि ह्यबूथ चलो गांव चलोह्ण अभियान को मिशन के रूप में लेते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाएं और घर-घर संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन की जड़ों को मजबूत करने के साथ-साथ जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगा। बैठक का संचालन राकेश पंडित ने किया। इस दौरान संगठन को और सशक्त बनाने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं में अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गोपाल अग्रवाल ने क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं—ओमप्रकाश बागड़ी, सोहनलाल पंडित, प्रवीण त्यागी, रणवीर जाटव, उदयवीर सिंह ठाकुर, राम भूल शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, राजू, बृजेश कुमार और गौतम कुमार—को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में पार्षद जयकिशन पाल ने सभी अतिथियों और उपस्थित कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ता मिलकर अभियान को सफल बनाएंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाएंगे।





# तुराब नगर बैठक में संजीव शर्मा का आह्वान, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत कर जनसंपर्क बढ़ाए





गाजियाबाद, करंट क्राइम। बूथ चलो, गांव चलो अभियान के अंतर्गत तुराब नगर स्थित बसंती मंदिर में आयोजित बैठक में विधायक संजीव शर्मा ने संगठन की मजबूती को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्यकताओं से बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क को सशक्त बनाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। संजीव शर्मा ने कार्यकताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से ही हर अभियान सफल होता है। उन्होंने सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से संगठन की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

बैठक में संगठन को और मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा बूथ स्तर पर संवाद बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष भानु सिसोदिया, गांधीनगर मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, कार्यक्रम संयोजक पार्षद नीरज गोयल, सुभाष छाबड़ा, राकेश स्वामी, रजनीश गोयल, मन्नू वशिष्ठ, राजू छाबड़ा, पायल खत्री, सीमा और पलक गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Bjp Rajesh Tyagi
2h ·

आज परिवार सहित अयोध्या धाम श्री राम लल्ला जी के दर्शन किए..
कितने सौभाग्य शाली हैं हम कि हमने भगवान श्री राम को टेंट से अपने भव्य महल में स्थापित देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आज राजा राम को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ
#जयश्रीराम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व महामंत्री राजेश त्यागी ने अपने परिवार सहित अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के मंदिर में पूजा अर्चना की। इस पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया और लिखा कि हम सौभाग्यशाली हैं। हमने टैन्ट से लेकर भगवान श्रीराम को अपने भव्य महल में स्थापित होते हुए देखा है। राजेश त्यागी ने प्रभु श्रीराम से जुड़े अपने भाव को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

10 April -26 page 7 09-04-2026 22:34 Page 1






# ट्रंप की ईरान को नई धमकी: 'पूर्ण समझौते तक होर्मुज के आसपास अमेरिकी सेना रहेगी'





**वॉशिंगटन।** क्या अमेरिका-ईरान का तनाव फिर भड़कने वाला है? राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि असली समझौता लागू न होने तक अमेरिकी सेना, जहाज और हथियार होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तैनात रहेंगे और अगर डील टूटी तो कार्रवाई पहले से भी घातक होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि जब तक 'असली समझौता' पूरी तरह से लागू नहीं हो जाता, तब तक अमेरिकी सेना और उसके घातक हथियार ईरान को घेरे रखेंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि ईरान ने अपने वादे को तोड़ा, तो इसके परिणाम बहुत गंभीर होंगे।

अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में एक अस्थायी सीजफायर की घोषणा के बाद एक बार फिर तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी है कि अगर यह समझौता टूटता है, तो ईरान के खिलाफ पहले से कहीं अधिक घातक कार्रवाई की जाएगी।

**सीजफायर की शर्तों पर मतभेद**

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में ईरान और अमेरिका के बीच दो सप्ताह के लिए एक सीजफायर घोषित किया गया था। हालांकि, सीजफायर की शर्तों को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी मतभेद भी नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने पहले भी ईरान को चेतावनी दी थी कि यदि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज नहीं खोला गया तो बड़े पैमाने पर हमले किए जाएंगे।

वहीं, ट्रंप के इस बयान को ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान को परमाणु क्षमता हासिल करने की अनुमति कभी नहीं देगा और क्षेत्र में शांति तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक कदम उठाएगा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है।

# इस्राइल की हिजबुल्लाह को सीधी चेतावनी

## नेतन्याहू बोले-जहां जरूरत होगी, वहां करेंगे हमला





**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में पिछले एक महीने से ज्यादा समय से जारी हिंसक संघर्ष ने आज एक निर्णायक मोड़ ले लिया है। अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों पक्षों ने लड़ाई रोकने और होर्मुज को खुला रखने का वादा किया है। ऐसे में अब बातचीत का अगला दौर इस्लामाबाद में होगा। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से एक विशेष टीम भेजी जा रही है। इस टीम का नेतृत्व खुद जेडी वेंस करेंगे।हालांकि लेबनान को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है।

नाटो की सुस्ती पर ट्रंप ने उठाए सवाल, कहा- दबाव के बिना काम नहीं कर रही संस्था

पश्चिम एशिया संकट के बीच एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने कहा कि ये संस्था तब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाती जब तक उन पर भारी दबाव न बनाया जाए। ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों से आगे आने की अपील की थी। लेकिन ब्रिटेन ने कहा था कि यह हमारी जंग नहीं है।

ब्रिटेन और नॉर्वे ने रूसी पनडुब्बियों को खदेड़ा, समुद्र के नीचे के केबल्स की सुरक्षा बढ़ाई

ब्रिटेन और नॉर्वे की सेनाओं ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में बड़ा सैन्य अभियान चलाकर रूसी पनडुब्बियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। रक्षा मंत्री जॉन हीली के अनुसार, रूस की तीन पनडुब्बियां समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स और गैस पाइपलाइनों के पास संदिग्ध गतिविधियों में लगी थीं, जिन्हें ब्रिटिश जहाजों और विमानों ने घेर लिया। ब्रिटेन ने रूस को साफ चेतावनी दी है कि समुद्र के नीचे मौजूद इन महत्वपूर्ण संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हिजबुल्लाह के खिलाफ उनके हमले रुकने वाले नहीं हैं। लेबनान में हुए भीषण हमलों के बाद नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइली सेना पूरी ताकत और सटीक रणनीति के साथ हिजबुल्लाह को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इस्राइली नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। नेतन्याहू ने आगे कहा कि जब तक उत्तरी इस्राइल के निवासी अपने घरों में सुरक्षित वापस नहीं लौट जाते, तब तक हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जहां भी जरूरी होगा, हमला जारी रहेगा। नेतन्याहू के बयान ने पश्चिम एशिया में एक बार फिर से तनाव बढ़ा दिया है।

सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्लाह को ईरान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अराघची का फोन आया। सऊदी विदेश मंत्रालय के ट्वीट के अनुसार इस बातचीत के दौरान दोनों ने हाल की परिस्थितियों की समीक्षा की और क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बहाल करने के लिए तनाव कम करने के उपायों पर चर्चा की। इस्राइली सेना इस्राइल डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया है कि उसने लेबनान में हिजबुल्ला से जुड़े महत्वपूर्ण ठिकानों और नेटवर्क को निशाना बनाया है। आईडीएफ के अनुसार, अली यूसुफ हर्शी, जो हिजबुल्ला के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव और करीबी सलाहकार थे, संगठन के संचालन में अहम भूमिका निभाते थे।

### हसीना की पार्टी पर प्रतिबंध अब कानून संसद ने दी मंजूरी

**काठमांडू।** बांग्लादेश की संसद ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर लगाए गए प्रतिबंध को कानून का रूप दे दिया है। यह निर्णय बुधवार को संसद में पारित विधेयक के जरिये लिया गया। गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह संशोधन आतंकवाद विरोधी कानून में बदलाव से जुड़ा है और इसके तहत आतंकी गतिविधियों में शामिल संगठनों पर कार्रवाई की जा सकती है।

इस कानून के जरिये पार्टी का चुनाव आयोग में पंजीकरण निलंबित ही रहेगा और उस पर नरसंहार से जुड़े आरोपों में मुकदमा चलाने का रास्ता साफ होगा। प्रधानमंत्री तारीक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सदस्यों ने इसे ध्वनिमत से पारित किया। नए कानून में प्रतिबंधित दल के समर्थन में बयान, प्रचार, रैलियां और सार्वजनिक गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।

# सीजफायर के बाद सऊदी और ईरान के विदेश मंत्रियों की पहली बातचीत

## क्या खाड़ी में घटेगा तनाव



**तेहरान।** पाकिस्तान में होने वाली शांति वार्ता से पहले सऊदी और ईरान के विदेश मंत्रियों ने फोन पर चर्चा की है। कभी एक-दूसरे पर मिसाइलें दागने वाले ये देश अब लेबनान और इस्राइल संकट के बीच क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एकजुट होते दिख रहे हैं। ईरान का यह कदम शांति वार्ता से पहले अपनी कूटनीतिक स्थिति मजबूत करने की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

पश्चिम एशिया से एक ऐसी खबर आई है, जो पूरी दुनिया को हैरान भी कर रही है और राहत भी दे रही है। ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में होने वाली निर्णायक शांति वार्ता से ठीक पहले सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। यह इस बात का संकेत हैं कि खाड़ी में अब बुलेट नहीं, बल्कि बातचीत का दौर शुरू होने वाला है।

**पाकिस्तान में होने वाली शांति वार्ता पर टिकी निगाहें**

पाकिस्तान में होने वाली आगामी शांति वार्ता को गेम चेंजर माना जा रहा है। यदि सऊदी और ईरान एक साझा स्टैंड पर सहमत हो जाते हैं, तो पश्चिम एशिया में युद्धविराम की संभावनाएं प्रबल हो जाएंगी। हालांकि, इस बीच इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हिजबुल्लाह के खिलाफ उनके हमले रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस्राइली सेना पूरी ताकत और सटीक रणनीति के साथ हिजबुल्लाह को निशाना बना रही है। जब तक उत्तरी इस्राइल के निवासी अपने घरों में सुरक्षित वापस नहीं लौट जाते, तब तक हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जहां भी जरूरी होगा, हमला जारी रहेगा।

**सऊदी और ईरान के विदेश मंत्रियों ने की बातचीत**

खबर है कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई है। दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया। पश्चिम एशिया में तनाव के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इस्राइली हमलों ने कोहराम मचा रखा है। वहीं, जवाब में ईरान ने होर्मुज की घेराबंदी कर वैश्विक व्यापार को खतरे में डाल दिया है। इस बातचीत की गहराई को समझने के लिए थोड़ा पीछे मुड़कर देखना होगा। वर्षों से ईरान और सऊदी अरब के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान ने सऊदी अरब, कतर और यूएई जैसे देशों को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। सऊदी के तेल ठिकानों पर भी ईरान ने हमले किए। लेकिन, इस बीच ईरान को समझ आ गया है कि उसे अपने पड़ोसियों के साथ तालमेल बिठाना ही होगा। कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि ईरान अब शांति वार्ता से पहले इन क्षेत्रीय शक्तियों के साथ मिलकर एक 'सुरक्षा कवच' तैयार कर रहा है, जिससे अमेरिका और इस्राइल पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके।

# युद्धविराम पर मंडराते संकट के बादल



**तेहरान।** ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने साफ किया है कि यूरेनियम संवर्धन का अधिकार ही अमेरिका के साथ होने वाली शांति वार्ता की मुख्य शर्त है। दूसरी ओर, लेबनान पर इस्राइल के बढ़ते हमलों और होर्मुज बंद होने के बाद युद्धविराम की सफलता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव और इस बीच घोषित युद्धविराम अब एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि परमाणु कार्यक्रम के तहत यूरेनियम संवर्धन का अधिकार बचाए रखना अमेरिका के साथ किसी भी समझौते के लिए अनिवार्य शर्त है।

28 फरवरी से शुरू हुए इस भीषण युद्ध को रोकने के लिए जिस युद्धविराम की घोषणा की गई थी, वह फिलहाल लड़खड़ाता नजर आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में नियुक्त ईरानी राजदूत रजा अमीरी मुगाद्दम ने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल के आगमन वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। यह पोस्ट हटाए जाने के बाद वार्ता के आयोजन पर संशय और सस्पेंस गहरा गया है, जिससे पाकिस्तान की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**इन वजहों से टल सकता है सीजफायर**

हालांकि, सिर्फ यही कारण नहीं हैं। इससे पहले युद्धविराम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर जोरदार हमले किए। बुधवार का दिन इस युद्ध का सबसे खूनी दिन साबित हुआ। इस्राइली हमले में 250 से अधिक लोग मारे गए। ईरान का दावा है कि युद्धविराम में लेबनान भी शामिल था, जबकि इस्राइल और अमेरिका इससे इनकार कर रहे हैं।

इसके इतर, दुनिया के 20 फीसदी तेल व्यापार के लिए अहम होर्मुज पर ईरान का नियंत्रण बरकरार है। लेबनान पर हुए हमले के बाद ईरान ने इसे फिर से बंद कर दिया है। ईरानी एजेंसियों ने संकेत दिए हैं कि अगर लेबनान पर हमले नहीं रोके गए तो होर्मुज को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि अगर ईरान ने समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया, तो उसे पहले से भी कहीं अधिक घातक हमलों का सामना करना पड़ेगा।

# अमेरिका में जाति विवाद गहराया: भारतीय और हिंदू समुदाय को निशाना बनाने का आरोप



**वाशिंगटन।** हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने कैलिफोर्निया की नागरिक अधिकार एजेंसी के खिलाफ अमेरिकी अपीलीय अदालत में याचिका दायर की है। संगठन का आरोप है कि एजेंसी ने जाति के मुद्दे को गलत तरीके से हिंदू धर्म और भारतीय समुदाय से जोड़कर उन्हें निशाना बनाया।

अमेरिका में जाति आधारित भेदभाव को लेकर विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने कैलिफोर्निया की नागरिक अधिकार नियामक एजेंसी के खिलाफ नौवीं सर्किट अपील न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। संगठन का आरोप है कि एजेंसी ने गलत तरीके से जाति को हिंदू धर्म से जोड़ते हुए भारतीय और दक्षिण एशियाई समुदायों को निशाना बनाया है।

6 अप्रैल को दाखिल जवाबी याचिका में एचएएफ ने अदालत से अनुरोध किया है कि निचली अदालत द्वारा उसके मुकदमे को खारिज करने में जिन प्रक्रियात्मक बाधाओं का हवाला दिया गया था, उन्हें हटाया जाए। संगठन का कहना है कि जिला अदालत ने उसके दावों के मूल मुद्दों पर विचार किए बिना ही मामला खारिज कर दिया।

यह पूरा विवाद कैलिफोर्निया नागरिक अधिकार विभाग (उफ्क्ष्ठ) द्वारा सिस्को सिस्टम्स और उसके दो प्रबंधकों के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। इस शिकायत में जाति के आधार पर भेदभाव के आरोप लगाए गए थे और यह कार्रवाई कैलिफोर्निया के फेयर एम्प्लॉयमेंट एंड हाउसिंग एक्ट के तहत की गई थी। सीआरडी ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि उसने सिस्को और उसके पूर्व प्रबंधकों के खिलाफ जाति-आधारित भेदभाव का मामला दर्ज किया है।

एचएएफ का आरोप है कि सीआरडी ने अपनी कार्रवाई में जाति को हिंदू धर्म और भारतीय मूल के कर्मचारियों से जोड़ने की कोशिश की। संगठन के मुताबिक, एजेंसी की शिकायत में जाति शब्द का बार-बार इस्तेमाल किया गया और यह धारणा बनाई गई कि भारतीय कर्मचारियों के बीच जाति-आधारित भेदभाव होता है, जिसे कंपनी को रोकना चाहिए था।

### जहाजों के लिए नए रास्ते तय, समुद्री माइन का अलर्ट जारी

**तेहरान।** क्या दुनिया की तेल लाइफलाइन खतरे में है? होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते समुद्री माइन के खतरे के बीच ईरान का बड़ा फैसला सामने आया है, जिसने वैश्विक व्यापार और सुरक्षा को लेकर नई चिंता खड़ी कर दी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। अत्रद्ध न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईरान ने जहाजों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक समुद्री रास्तों का एलान किया है, जिससे वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड की नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि समुद्री सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। क्रान्नक्ष नौसेना ने सभी मालवाहक जहाजों और नौकाओं को इन नए, निर्दिष्ट मार्गों का पालन करने का निर्देश दिया है।

# इमरान खान की बहनों पर आतंकवाद का केस आदियाला जेल से जुड़े मामले में 1400 अन्य भी नामजद



**कराची।** रावलपिंडी में आदियाला रोड पर प्रदर्शन के बाद पुलिस ने इमरान खान की बहनों समेत 1,400 लोगों पर आतंकवाद कानून के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने पथराव और हिंसा का आरोप लगाया, जबकि ढळकइसे शांतिपूर्ण प्रदर्शन बता रही है।

पाकिस्तान के रावलपिंडी में आदियाला रोड पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों, कई सांसदों और करीब 1,400 अज्ञात लोगों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह एफआईआर बुधवार को आदियाला चेकपोस्ट के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर की शिकायत पर दर्ज की गई।

पुलिस ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शनकारियों ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दी, पथराव किया और पुलिस पर हमला किया, जिससे कम से कम नौ पुलिसकर्मी घायल हो गए। एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं।

दरअसल, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (ढळक) ने अदियाला जेल में बंद अपने नेता से मुलाकात पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था। हालांकि, प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी थी, जिसके तहत 15 दिनों के लिए किसी भी तरह के सार्वजनिक जमावड़े पर रोक लगा दी गई। कड़े प्रतिबंधों के बीच पुलिस ने जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

**एफआईआर में क्या आया सामने?**

एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि पथराव और लाठियों के इस्तेमाल से सरकारी और निजी वाहनों को नुकसान पहुंचा। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर अशांति फैलाने की कोशिश की, ताकि पंजाब की प्रांतीय सरकार पर दबाव बनाया जा सके। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे अवैध करार देते हुए कहा कि

# पाकिस्तान बना यूएस-ईरान समझौते का जरिया

## ट्रंप को दिए लालच, अर्थव्यवस्था सौंपने को भी तैयार



**अमेरिका और ईरान की जंग रुकवाने में पाकिस्तान की भूमिका मध्यस्थ से ज्यादा एक संदेशवाहक की रही है। अमेरिकी रिपोर्ट्स में भी यह सामने आया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्ष को कुछ समय तक रोकने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया।**

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच बीते एक महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध कुछ दिन के लिए टल गया है। दोनों देशों के बीच हुए इस युद्ध विराम में पाकिस्तान, तुर्किये और मिस्त्र ने भी भूमिका निभाई है। अब आगे के समझौते के लिए ईरान और अमेरिका इस्लामाबाद में मिलेंगे।

भले ही पाकिस्तान ने इस संघर्ष को रुकवाने के लिए लगातार ट्रंप प्रशासन और ईरानी शासन के बीच संदेशों का आदान-प्रदान किया, लेकिन यह युद्ध विराम भी सिर्फ अस्थायी ही है और दो हफ्तों के लिए तय किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उसके फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के जिक्र के बाद कई तरह की चिंताएं जताई जा रही हैं।

विश्लेषकों की तरफ से यह चिंता जताई गई है कि आखिर कैसे लंबे समय तक अपनी आतंकी गतिविधियों और आतंकवादियों के सुरक्षित पनाहगाह बने रहने की वजह से अलग-थलग हुआ पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर दो देशों के बीच युद्ध विराम के लिए बातचीत का जरिया बन रहा है? वह भी तब जब इस युद्ध के बीच खुद पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबान पर हमलों के नाम पर वहां आम लोगों को निशाना बनाया है। आखिर डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार शासन में आने के बाद से ऐसा क्या-क्या हुआ है, जो पाकिस्तान के लिए फायदेमंद बन गया?

बीते करीब डेढ़ दशक से पाकिस्तान की बढ़ती आतंकी गतिविधियों और उसके आतंकियों के पनाहगाह बनने की वजह से यह देश लगातार वैश्विक परिदृश्य में अलग-थलग पड़ा था।

खासकर अमेरिका में राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल से लेकर डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल और फिर जो बाइडन के नेतृत्व वाली सरकार में भी पाकिस्तान हाशिए पर ही रहा। हालांकि, ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में एक बड़ा और आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिला है। बताया जाता है कि रिश्तों में आई इस अप्रत्याशित गर्माहट के पीछे पाकिस्तान की कूटनीति, भारी लॉबिंग और ट्रंप के साथ किए गए व्यापारिक सौदों का बड़ा हाथ रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका की सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान ने अमेरिकी नीतियों को अपने पक्ष में करने के लिए करोड़ों डॉलर खर्च किए हैं। अप्रैल-मई 2025 के बीच वॉशिंगटन में लॉबिंग पर पाकिस्तान ने भारत के मुकाबले तीन गुना अधिक पैसा खर्च किया। पाकिस्तान ने अपनी लॉबिंग के लिए ट्रंप के पूर्व बॉडीगार्ड कीथ शिलर और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के पूर्व अधिकारी जॉर्ज सोरियल जैसी ट्रंप की बेहद करीबी हस्तियों को काम पर रखा।

पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख असीम मुनीर ने ट्रंप को खुश करने के लिए उनकी जमकर प्रशंसा की कूटनीति अपनाई। मई 2025 में जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तो बीच-बचाव के लिए आसिम मुनीर-शहबाज शरीफ डोनाल्ड ट्रंप के पास पहुंच गए। पाकिस्तान ने उन्हें वैश्विक शांतिदूत बताते हुए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित कर दिया।

जून 2025 में ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मुनीर के साथ एक विशेष निजी लंच भी किया, जो पाकिस्तानी कूटनीति के लिए अहम पड़ाव रही। बताया जाता है कि इस लंच से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी20 सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

# क्या ट्रंप के टैरिफ से घबरा गया चीन, जानें क्यों ईरान से मोड़ा मुंह

## सैन्य मदद देने की खबरों से किया इनकार



**बीजिंग।** चीन ने ईरान को सैन्य मदद देने की खबरों को खारिज कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सैटेलाइट तस्वीरें और चिप उपकरण देने के आरोप गलत हैं। चीन ने खुद को निष्पक्ष बताते हुए कहा कि वह शांति की कोशिश करता रहा है। अमेरिका के आरोपों पर भी चीन ने पलटवार किया। आइए, इस पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं।

अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान के तनाव के बीच चीन ने बड़ा बयान दिया है। चीन ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि उसने युद्ध के दौरान ईरान की सैन्य मदद की। इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है और चीन की भूमिका पर बहस शुरू हो गई है।

दरअसल, चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने साफ कहा कि चीनी कंपनियों द्वारा ईरान को सैटेलाइट तस्वीरें या चिप बनाने का उपकरण देने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अफवाह और भ्रामक जानकारी है, जिसका कोई आधार नहीं है। चीन ने अमेरिका के उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि चीन और रूस ईरान की मदद कर रहे हैं। चीन ने साफ शब्दों में कहा कि उसने ईरान को किसी भी तरह की सैन्य सहायता नहीं दी है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीनी कंपनी ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों की तस्वीरें जारी की थीं और सेमीकंडक्टर उपकरण उपलब्ध कराए थे, लेकिन चीन ने इन सभी आरोपों को नकार दिया।

**अमेरिका के आरोपों पर क्या बोला चीन:** चीन ने अमेरिका के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ देश जानबूझकर चीन के खिलाफ गलत जानकारी फैला रहे हैं। चीन ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय समझता है कि कौन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है और कौन शांति की बात कर रहा है।

**चीन ने अपनी भूमिका को कैसे बताया:** चीन ने कहा कि वह हमेशा से ईरान मुद्दे पर निष्पक्ष और संतुलित रुख अपनाता रहा है। उसने दावा किया कि वह लगातार शांति वार्ता को बढ़ावा देता रहा है और कभी भी हालात को भड़काने का काम नहीं किया।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# निगम के विकास कार्यों की रफ्तार तेज 2.85 करोड़ के 8 कार्यों का शिलान्यास

## पेयजल-सड़क-नाली पर फोकस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इन कार्यों में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति, सीसी सड़क और आरसीसी नालियों का निर्माण शामिल है, जिससे हजारों नहीं बल्कि लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद हरीश कडाकोटी, सुभाष चौधरी, भागवत स्वरूप सहित कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

महापौर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर तथा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यों की शुरूआत की। नगर निगम द्वारा जिन 8 कार्यों की शुरूआत की गई है, उनमें वार्ड-23 कैलाशनगर की विभिन्न गलियों में सीसी सड़क और आरसीसी नालियों का निर्माण प्रमुख है। यहां अलग-अलग स्थानों पर करीब 46 लाख रुपये से अधिक के कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा कैलाखेड़ा क्षेत्र में भी सड़क और नाला निर्माण को स्वीकृति दी गई है।





### बदल रहा है इंदिरापुरम

**करंट क्राइम :** वहीं इंदिरापुरम के न्याय खंड में 4 व 6 इंच की पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए लगभग 1.10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या दूर होगी। इसके साथ ही विजय नगर सब्जी मंडी क्षेत्र में 24 लाख रुपये से आरसीसी नाला निर्माण और हरवंश नगर में करीब 29.5 लाख रुपये से सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। महापौर ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जलभराव, टूटी सड़कों और पेयजल की समस्याओं से लोगों को राहत मिलेगी। शहर के अलग-अलग हिस्सों में लंबे समय से लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा हर क्षेत्र का संतुलित विकास हमारी जिम्मेदारी है। शहर के किसी भी हिस्से को विकास से अछूता नहीं रहने दिया जाएगा। विजय नगर से लेकर इंदिरापुरम तक लगातार कार्य चल रहे हैं, जिससे गाजियाबाद तेजी से विकसित शहर के रूप में आगे बढ़ रहा है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें और किसी भी तरह की शिकायत सीधे नगर निगम या जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

# विधायक संजीव शर्मा ने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ की अहम बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से आवास विकास के अधीक्षण अभियंता अजय मित्तल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नालियों के निर्माण व सफाई, सड़कों की मरम्मत, पार्कों के रख-रखाव तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया गया। साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण और अन्य आवश्यक विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए।



संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं, जिससे जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को लगातार प्रशासन के समक्ष उठाया जा रहा है और जनहित से जुड़े हर मुद्दे के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर हो ही गई क्रासिंग मंडल की कमेटी घोषित? कहने वाले ने कहा जीत वीरू भैया की दिख रही है? जैसा उन्होंने चाहा था, वैसा ही हुआ है मामला पोषित? कहने वाले ने कहा जब यही आदेश देना था यार? तो फिर क्यों किया गया इतना इंतजार? कहने वाले ने कहा ये उनके बड़े दिल का संदेश मानो? अगर वो नहीं चाहते तो क्या आ सकती थी कमेटी बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप अगर क्रासिंग वाली कमेटी पर दोगे ध्यान? तो आप देखोगे यहां पर फुल प्रूफ साबित हुआ है वीरू का प्लान? कमेटी में अधिकतर चेहरे उन्होंने अपनी पसंद के अपडेट करा दिये? सिर्फ मिश्रा और बंसल को लेकर रखा है उन्होंने सामने वाले का ध्यान? कहने वाले ने कहा कि अब हमें लग रही है उम्मीद? हो जायेगा यहां पर भी प्रशिक्षण शिविर? क्योंकि हालात हो गये हैं ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप इन दिनों बिग वर्मा ब्रदर की गतिविधियों को नहीं कर सकते इग्नोर? आप देख रहे हैं उन्होंने अपनी सक्रियता का मचाया हुआ है पूरा शोर? रोजाना वो किसी ना किसी कार्यक्रम में दे रहे हैं अपनी मजबूत वाली दस्तक? हमें लग रहा है कि वेस्टर्न वाले मामले में उनका मजबूत हो सकता है मस्तक? सुना है यहां से उन्हें मिल रहा है गर्ग साहब से लेकर बड़े चेहरों का साथ? अगर हो जाये उनके पक्ष में घोषणा? तो फिर हैरान मत होना आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप यहां पर दे रहे हो बिग वर्मा ब्रदर के अपडेट? हम हैरान उस वक्त हो गये थे जब हमने खोले थे प्रशिक्षण शिविर के गेट? हमने देखा हाथों में कैनुला लगाकर अनुज वर्मा ब्रदर कर रहे थे प्रशिक्षण शिविर अटेंड? बिमारी में देखते ही बन रहा था उनका स्टेंड? सुना है इस शिविर के बाद उनको रहना पड़ा लंबे समय तक एडमिट? कहने वाले ने कहा पार्टी के प्रति ऐसा समर्पण कम दिखता है यार? डॉक्टरों के सख्त हिदायत के बाद ये फिर से दिखाई दिये प्रशिक्षण शिविर में बार-बार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नामित पार्षदों के फेस पर आ गई उस वक्त स्माईल? जब मेयर सुनीता दयाल ने मिलाया उनके सामने सीधे नगर आयुक्त को फोन? कहा मैं आपके पास इन सबको भेज रही हूं? आप रखना इन सभी का ध्यान? आपको कराने हैं इनके क्षेत्र में विकास के काम? मेयर के शब्दों को सुनकर नामितों का अलग ही दिख रहा था अंदाज? कह रहे थे हमें साहब ने भी इसके बाद बहुत ही शानदार तरीके से अटेंड किया? हमारे मन से बार-बार आवाज आ रही थी? मेयर साहब जिंदाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब नामित पार्षद पहुंचे साहब के पास? तो वहां पर भी उन्हें सम्मान मिला खास? साहब ने तुरंत 100पार्षदों के ऑफिशियल वाले ग्रुप में करा दिये सभी के नंबर सेव? कहा यहां से मिलेंगे अब आपको और भी अपडेट? सुना है जल्द ही सबको मिलने जा रहा है घर के बार नाम वाला बोर्ड? कहने वाले ने कहा साहब ने हमको आश्वस्त किया है? आप चिंता मत करना? आपके लिए भी एक समान भाव से रखेंगे हम अपनी सोच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा टामक्रूज इन दिनों दिख रहे हैं किसी से बहुत ज्यादा नाराज? कह रहे हैं धरती पर ही भुगतने होते हैं धरती पर किये गये पाप? कोई ये ना सोचे नहीं आयेगा उनका नंबर? उन्होंने कहा ये आवाज मेरे दिल से निकल रही है? उनको करने चाहिए अपने अंदाज ठीक? ऊपर वाले की लाठी में आवाज नहीं होती? वो अगर जलवा करना जानता है? तो फिर मामला भी कर सकता है वीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? भगवा महामंत्री मोदी जी की रैली को लेकर इतने चिंतित थे कि उससे एक दिन पहले वो अपने घर ही नहीं गये साहब? अब आप ये पूछोगे कि उन्होंने कहां गुजारी रात? हमने देखा जल रही थी महानगर कार्यालय की बत्ती? वहीं पर वो हमें दिख रहे थे मौजूद? कहने वाले ने कहा यूं तो हमने लाख कर्मठ देखे हैं? मगर इनके जैसा बंदा नहीं देखा हमने खूब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप कर ही रहे हो गागर में सागर भरने वाले का पल-पल जिक्र? तो उन्हें बता दो वो अपने दिमाग से गलत फहमी का पर्दा हटायें? सबसे ज्यादा वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब ने ही की थी लखनऊ बैठकर उनकी फिक्र? केवल और केवल दिया था उन्होंने सिर्फ इस चेहरे का ही नाम? अगर यकीन ना हो तो इस बारे में यदुवंशी जी सबकुछ क्लियर कर सकते हैं श्रीमान? जो भी हो हमें अब इससे ज्यादा नहीं है पता? बात समझ ना आई हो तो खा खुजा बत्ती बुझा और सो जा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि युवा मोर्चा की दावेदारी में शामिल हो गया है एक और नाम? सुना है यहां पर हुई है एक युवा ठाकुर चेहरे की एन्ट्री? ये एन्ट्री कर सकती है कई चेहरों को हैरान? सुना है दूसरे मोर्चे वाली टीम से इन्होंने मारी है एन्ट्री? इनके अंदाज कई जगह चल रहे हैं ठीक? कहने वाले ने कहा कुछ भी हो सकता है कभी भी? इसलिए मेहनत करने वाले अपनी मेहनत को ना करें वीक?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# दूधेश्वर नाथ मंदिर में दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 53 मरीजों ने कराई जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दूधेश्वर नाथ मंदिर में 6 अप्रैल 2026 को एक दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय में मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बुनियादी दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर की ओपीडी में कुल 53 मरीजों ने भाग लिया, जहां विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक व्यक्ति का विस्तृत मौखिक परीक्षण किया गया। इस दौरान सही तरीके से ब्रश करने की विधि का लाइव प्रदर्शन भी किया गया।

विशेषज्ञों ने ब्रश करने की सही तकनीक, समयावधि और आवृत्ति के बारे में बताया, ताकि प्लाक नियंत्रण और दंत समस्याओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

यह शिविर मोहिनी (दंत शल्य चिकित्सक), रेशु (चिकित्सा अधिकारी), अनुराग रोहिल्ला (फिजियोथेरेपिस्ट), अनन्या और अंकिता (इंटर्न, आईटीएस डेंटल कॉलेज) के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों में बेहतर स्वास्थ्य आदतों को विकसित करने की दिशा में यह पहल सराहनीय रही।




# वार्ड 47 शास्त्री नगर में 'वार्ड चलो अभियान' के तहत

## विधायक अजीत पाल त्यागी का प्रवास, योजनाओं की दी जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर वार्ड 47 शास्त्री नगर में 'वार्ड चलो अभियान' के अंतर्गत मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने प्रवास कर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और लोगों से स्नेहपूर्ण बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष महेश अग्रवाल और पार्षद अमित त्यागी ने विधायक अजीत पाल त्यागी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक ने इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों का सम्मान भी किया।



कार्यक्रम में विजय धामा, राहुल तोमर, दुष्यंत पुंडीर, कर्मवीर सिंह, डीसी त्यागी, भोपाल सिंह, संदीप शर्मा, कृष्ण मावी, हरिओम सिंघल, राकेश शर्मा, अतरपाल कौशिक, अंकित त्यागी, नीरज गुप्ता, औचित्य त्यागी, अनुज सिंह, कन्हैया शर्मा, राधेश्याम त्यागी, पवन गुप्ता, जेपी गौड़, जयपाल सिंह, जितेंद्र पालीवाल, हेमलता चौधरी, सुभाष त्यागी, जीके कपूर, अक्षित मग्गू, अमित गुप्ता, रितिक ढिलोर, कुंवरपाल चौधरी, केएस परिहार, अशोक राव और मोहित पांचाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध हथियार गिरोह का खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम के जरिए करते थे हथियारों की खरीद-फरोख्त

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना फेस-वन पुलिस ने अवैध शस्त्रों की खरीद-फरोख्त और तस्करी में लिप्त दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें अवैध शस्त्र उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की है।



एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि थाना फेस-वन पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर गंदे नाले की पुलिया के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभिषेक पुत्र मूलचंद और समीर पुत्र नीरज के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके साथ एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के कब्जे से 5 पिस्टल (.32 बोर), 5 देशी तमंचे (.315 बोर) और 1 देशी तमंचा (.32 बोर) बरामद किए गए हैं। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अवैध हथियार रखने के शौकीन हैं और इन्हें अपने साथियों व आसपास के युवकों को दिखाकर प्रभाव जमाते थे। साथ ही, वे मुनाफा कमाने के लिए इन हथियारों की खरीद-फरोख्त करते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी अवैध पिस्टल को लगभग 40 से 45 हजार रुपये में खरीदकर 65 से 75 हजार रुपये में बेचते थे। इस अवैध कारोबार से प्राप्त धनराशि का उपयोग वे अपने शौक और अन्य जरूरतों को पूरा करने में करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें अवैध शस्त्र उपलब्ध कराने की बात भी स्वीकार की है।

## महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद का साक्षी महाराज पर तीखा प्रहार:

# 'मोदी-भागवत के इशारे पर हो रही है हिंदुत्व की हत्या'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने भाजपा सांसद साक्षी महाराज के एक वायरल वीडियो पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उनके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है।



यति नरसिंहानंद ने एक वीडियो संदेश जारी कर न केवल साक्षी महाराज की आलोचना की, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। हाल ही में साक्षी महाराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि इस वीडियो में उन्होंने स्वयं को समस्त शास्त्रीय ज्ञान का रचयिता बताया और ब्राह्मण समाज को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

उन्होंने कथित तौर पर रावण का उदाहरण देते हुए ब्राह्मणों को 'माता सीता का चोर' और क्षत्रियों के संदर्भ में विवादित टिप्पणी की।

साक्षी महाराज को उनकी 'औकात' समझाने की बात कहते हुए यति नरसिंहानंद ने कहा कि ब्राह्मणों का मानव इतिहास और सनातन धर्म में योगदान अतुलनीय है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा : साक्षी जैसा व्यक्ति ब्राह्मणों का निरर्थक अपमान करके केवल आसमान पर थूक रहा है, जो अंततः उसी के मुंह पर गिरने वाला है। रावण का नाम लेकर पूरे ब्राह्मण समाज को कोसना साक्षी की व्यक्तिगत कुंठा और हताशा को दर्शाता है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि यह ब्राह्मण ही थे जिन्होंने रावण को राक्षस और भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम घोषित कर विश्व को श्रीराम की पूजा के लिए प्रेरित किया। वीडियो में यति नरसिंहानंद ने भगवान परशुराम पर की गई टिप्पणियों का भी जवाब दिया।

महामंडलेश्वर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसी भी समाज का भला ब्राह्मणों को गाली देकर नहीं किया जा सकता। इस बयान के बाद हिंदूवादी संगठनों और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। अब देखना यह है कि इस तीखे हमले पर भाजपा नेतृत्व या स्वयं साक्षी महाराज की क्या प्रतिक्रिया आती है।

# आज जारी होगी मतदाता सूची, निरीक्षण के लिए रहेगी उपलब्ध



**नोएडा (करंट क्राइम)।** डिप्टी कलेक्टर और प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने सूचित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आज किया जाएगा। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के तहत तैयार की गई नामावली की एक प्रति संबंधित मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक जनसाधारण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर नागरिक अपने क्षेत्र के मतदेय स्थल पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली का निरीक्षण कर सकते हैं। साथ ही, सभी अधिकारी और कर्मचारी जो विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में नियुक्त हैं, आज प्रातः 10 :00 बजे से सायं 04 :00 बजे तक अपने-अपने पदस्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 16 साइबर ठग गिरफ्तार

## विदेशियों को हैकिंग का डर दिखाकर करते थे ठगी

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए इंटरनेट के माध्यम से विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश कर 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई लोकल इंटेलिजेंस और तकनीकी सूचनाओं के आधार पर नोएडा सेक्टर-16 क्षेत्र में की गई। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 4 लैपटॉप, 15 डेस्कटॉप, 15 मॉनिटर, 16 मोबाइल फोन, 16 माइक-हेडफोन, 2 राउटर और 1 मॉडम बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के लेन-देन से जुड़े साक्ष्य सामने आए हैं।



सेक्टर-14ए में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व संकलित तकनीकि सूचनाओं के आधार पर इंटरनेट पर पेड विज्ञापन चलाकर ऑनलाइन डायलर के माध्यम से विदेशी नागरिकों को हैकिंग एवं डाटा चोरी का भय दिखाकर साइबर धोखाधड़ी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए 16 अभियुक्त विवेक ठाकुर, गौरव सिंह, गौरव गुप्ता, अभिषेक मसीह, अश्वनी कुमार, रोहन शर्मा, सन्त कुमार, उपेन्द्र सिंह उर्फ रोहित सिंह, अंकुश चैरसिया, आयुष चैबे, सुदीप सिंह, अनुपम सक्सेना, अभिषेक मौर्य, शिवम पाठक, प्रदीप कुमार सिंह, वरुण गुप्ता को सेक्टर-16 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेड विज्ञापन चलाकर विदेशी नागरिकों को टोल-फ्री नंबर पर कॉल करने के लिए आकर्षित करते थे। जैसे ही पीड़ित कॉल करते थे, कॉलिंग सॉफ्टवेयर के जरिए कॉल उनके सिस्टम पर रिसीव होती थी। इसके बाद आरोपी खुद को टेक्निकल सपोर्ट एजेंट बताकर पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनका कंप्यूटर या डिवाइस हैक हो गया है। स्क्रीन शेयरिंग एप के माध्यम से वे सिस्टम तक पहुंच बनाकर बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते थे और डर पैदा करने के लिए कंप्यूटर स्क्रीन को ब्लैक कर देते थे।

# डेटिंग ऐप गैंग का पदार्फाश महिला समेत दो गिरफ्तार

**२२नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट क्षेत्र के थाना सेक्टर-126 पुलिस ने डेटिंग ऐप के माध्यम से युवकों को फंसाकर चोरी व लूट करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से सोने की चेन, अंगूठी और नकदी बरामद की है। थाना सेक्टर-126 में एक पीड़ित युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान एक ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए तनु वर्मा नाम की महिला से हुई थी। महिला ने उसे मिलने के बहाने सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा स्पायरा बिल्डिंग में बुलाया, जहां उसे अत्यधिक शराब पिलाकर नशे की हालत में कर दिया गया और उसके गले से सोने की चेन, अंगूठी, ब्रेसलेट व करीब 27 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-94 अंडरपास के पास से आरोपी महिला सीता चक्रवर्ती उर्फ तनु वर्मा उर्फ माया और उसके साथी सागर चौहान को गिरफ्तार कर लिया।

# सूरजपुर में पुलिस-बदमाश मुठभेड़, दो घायल, चार गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो बदमाशों को पैर में गोली लगी, जबकि उनके दो साथियों को कॉम्बिंग के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, सूरजपुर पुलिस मोजर वियर गोलचक्कर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी दो बिना नंबर की मोटरसाइकिलों पर चार संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। संदिग्धों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, जिस दौरान उनकी मोटरसाइकिलें गिर गईं।



जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वे घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान मुकेश उर्फ मुक्के (निवासी ग्राम टोला ननकार, थाना पताही, जिला मोतिहारी, बिहार) और आकाश (निवासी ग्राम चीती, थाना दनकौर) के रूप में हुई है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।